

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर सराय काले खां के नजदीक बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 316 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# आदिवासी समाज का हो रहा उत्थान: मोदी

● जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर सरकार का जोर : पीएम मोदी

**विकास पर जोर**

**▶▶ प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई से किया 6,640 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/जमुई:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह के शुभारंभ के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह में कहा कि जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर हमारी सरकार का बहुत जोर है। प्रधानमंत्री ने 6,640 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत आदिवासी परिवारों के लिए बनाए गए 11,000 घरों के 'गृह प्रवेश' में भी वर्चुअली भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। इसमें हजारों पेड़ लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर आदिवासी समुदाय के विकास की अनदेखी करने और आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने आदिवासी लोगों की बेहतरी के लिए कभी काम नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिये बिना कहा कि आजादी के लिए एक ही दल को श्रेय देना गलत है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासी नेता थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोदी ने कहा, आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी।

## 'आदिवासी समाज ने राम को भगवान राम बनाया'



**मोदी** ने कहा कि आदिवासी समाज ने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को सहेजने के लिए भी अनेक कदम उठाए हैं। आदिवासी कला-संस्कृति के लिए समर्पित अनेक लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हमने रांची में भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर विशाल संग्रहालय की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज का भारत की पुरातन चिकित्सा पद्धति में भी बहुत बड़ा योगदान है। इस धरोहर को भी सुरक्षित किया जा रहा है और भावी पीढ़ी के लिए नए आयाम भी जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक बहुत बड़ी चुनौती रही है। हमारी सरकार ने इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय अभियान चलाया है।

# सीएम सैनी ने प्रदेश के किसानों को दिया तोहफा



**बोनस**

**▶▶ एक क्लिक से 2 लाख 62 हजार किसानों के बैंक खातों में 300 करोड़ रुपये की बोनस राशि जारी की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: प्रथम पा**तशाह श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के किसानों को तोहफा देते हुए एक क्लिक से 2 लाख 62 हजार किसानों के बैंक खातों में 300 करोड़ रुपये की बोनस राशि जारी की। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण राज्य में उत्पादित की जा रही कृषि एवं बागवानी फसलों पर 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला किया। मुख्यमंत्री द्वारा 16 अगस्त, 2024 को पहली किस्त की अदायगी के रूप में अब तक 496 करोड़ रुपये की बोनस राशि सीधे 5 लाख 80 हजार किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई थी।

## मुख्यमंत्री ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का भी किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** ने किसानों के लिए एक ओर पहल करते हुए व्हाट्सएप के माध्यम से 40 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का भी शुभारंभ किया। इससे अब किसानों के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जाएंगे। जैसे ही उसकी मिट्टी के नमूने के परीक्षण के परिणाम पोर्टल पर ऑनलाइन हो जाएंगे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के व्हाट्सएप नंबर पर पहुंच जाएगा।

## जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक 21 दिसंबर को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम को टैक्स से छूट देने के प्रस्ताव पर फैसला लिया जा सकता है। काउंसिल की 55वीं बैठक 21 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में होगी, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होंगे। पहले ये बैठक नवंबर में होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख 21 दिसंबर तय की गई। बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री अगले साल 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट के लिए भी अपने सुझाव पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि जैसलमेर में होने वाली जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में आम इस्तेमाल वाली कई चीजों पर लगने वाले टैक्स को 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत के स्लैब में लाने पर फैसला लिया जा सकता है। इस संबंध में राज्यों के मंत्रियों की एक समिति (जीओएम) अपनी रिपोर्ट दे चुकी है। अक्टूबर में ही स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर गठित मंत्रियों के समूह ने जीएसटी काउंसिल से कुछ महत्वपूर्ण अनुशंसाएं की है।

# जातीय जनगणना हो गयी तो देश का चेहरा बदल जायेगा: राहुल



**दावा**

**▶▶ दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा: राहुल गांधी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोड्डा:** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन जातीय जनगणना हो गयी, उसी दिन से देश का चेहरा बदल जायेगा। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा और इसके बाद एक नयी राजनीति की शुरूआत हो जायेगी। राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस की महगामा से उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा भले ही जातीय जनगणना की मांग नकार दे, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकसभा में इसका प्रस्ताव पास करेगी। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीबों की सही संख्या सामने आते ही हम आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को झारखंड से लेकर दिल्ली तक तोड़कर दिखायेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा ने पिछड़ों का रिजर्वेशन 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया।

# तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने पर मंथन

**सहयोग**

**▶▶ तालमेल बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक बैठक हुई, तीनों सेनाओं के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा दिया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बेहतर भविष्य के लिए तीनों सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक बैठक हुई, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा दिया गया। बैठक में सेना के सूबेदार मेजर गोपा कुमार, वायु सेना के मास्टर वारंट ऑफिसर पीके यादव और नौसेना के मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर प्रथम श्रेणी दिल बहादुर छेत्री ने सैनिकों के कल्याण से संबंधित हितों के साझा मुद्दों और तीनों सेनाओं की चिंताओं को दूर करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक में मुख्य चर्चा अग्निवीरों के अवकाश प्रावधानों, सामने आने वाली समस्याओं और ईसीएचएस प्रतिक्रिया को कारगर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## दिल्ली में दफ्तरों के कामकाज की बदली टाइमिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकारी दफ्तरों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। सड़कों पर ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में सभी सरकारी कार्यालय, दिल्ली सरकार, नगर निगम और केंद्र सरकार के कार्यालयों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने इस आशय की एक पोस्ट सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। इसमें कहा गया है कि सड़कों से ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में स्थित सभी सरकारी कार्यालय अलग-अलग समय पर काम करेंगे। नए शेड्यूल के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कार्यालय सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक, केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक और दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक काम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य व्यस्त समय के दौरान वाहनों की आवाजाही को कम करना है। दिल्ली सरकार के इस कदम से अलग-अलग समय पर कार्यालय खुलने और बंद होने से सुबह और शाम के पीक आवर्स के दौरान ट्रैफिक का दबाव कम होगा और ट्रैफिक न होने के कारण इससे होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी।

# नौसेना ने पकड़ा ड्रग्स का जखीरा



**सफलता**

**▶▶ आठ ईरानी तस्कर गिरफ्तार, ईरानी बोट से लाई जा रही थी 700 किलोग्राम ड्रग्स, राडार के जरिए मिली थी जानकारी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पोरबंदर:** पोरबंदर के समंदर में भारतीय नौसेना ने गुजरात एटीएस और एनसीबी के साथ मिलकर ड्रग्स के खिलाफ बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में ईरानी बोट से लाई जा रही 700 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के राडार के जरिये जानकारी मिलने के बाद ड्रग्स का जखीरा पकड़ने में कामयाबी मिल सकी है। इस अभियान के दौरान 8 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो ईरानी होने का दावा करते हैं। नौसेना के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के राडार से गुरुवार देर शाम ड्रग तस्करों की एक कॉल ट्रेस हुई, जिसके जरिए ड्रग्स की खेप आने के बारे में जानकारी मिली।

इसके बाद नौसेना ने रात को ही गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ समन्वय करके ऑपरेशन शुरू कर दिया।

**वार-पलटवार** नायब सिंह सैनी ने भगवंत मान को दी नसीहत, पंजाब सरकार लोगों के हित के लिए काम करे

# भगवंत मान विधानसभा के विषय पर गलत राजनीति न करें: सैनी



**नसीहत दी**

**▶▶ पंजाब सरकार लोगों के हित के लिए काम करे। हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। सीएम सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को किसानों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए, न कि इस प्रकार की बयानबाजी करके लोगों को मुद्दे से भटकाना चाहिए। चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी हक है। पंजाब के नेताओं को विधानसभा के विषय पर घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक राम कुमार गौतम, रणधीर पनिहार, विनोद भ्याना और देवेंद्र कादियान भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि वे चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा नहीं बनने देंगे। नायब सिंह सैनी ने भगवंत मान को नसीहत देते हुए कहा कि पंजाब सरकार लोगों के हित के लिए काम करे। हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। इसलिए ऐसी बयानबाजी करके द्वेष खड़ा करने या भाईचारा खराब करने का काम न करें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों की फसल नहीं खरीद रही, न ही किसानों को एमएसपी का मूल्य दिया जा रहा है। पंजाब सरकार अपने राज्य में किसानों की स्थिति बेहतर करने पर ध्यान दें। चंडीगढ़ में विधानसभा नहीं बनने देंगे, ऐसे बयान देकर वे लोगों का ध्यान डायवर्ट करना चाहते हैं।

**पंजाब की स्थिति ठीक करें मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा की चिंता न करें**
नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के हित में कदम उठाए। भगवंत मान पंजाब की स्थिति ठीक करें, हरियाणा की चिंता न करें।



# विकास की गंगा बहा रही भाजपा सरकारः डिप्टी सीएम पाठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः** 2017 से पहले सपा सरकार में प्रदेश के प्रवेश द्वार गाजियाबाद से बॉर्डर के जिलों ललितपुर और देवरिया तक में मिनी मुख्यमंत्री बने होते थे। प्रदेश में गुंडई ,अराजकता, दंगों, जमीनों पर कब्जा करने वालों की, बेटियों की इज्जत लूटने वालों की, व्यापारियों से वसूली करने वालों की सरकार थी। गाजियाबाद का तो और बुरा हाल था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। गाजियाबाद विकसित जिला बन रहा है। बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल, स्कूल सहित मानव जीवन की जितनी भी सहूलियतें हो सकती हैं, उनको आपके वोट की ताकत से भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में देने का काम किया है। यह बातें बृहस्पतिवार को अकबरपुर-बहरामपुर में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा में मतदाताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए टूटी सड़कें, बुझी हुई बत्तियां, स्कूल खंडहर, अस्पतालों में डाक्टर नदारद मिलते थे। उत्तर प्रदेश पूरी तरह से छिन्न भिन्न अव्यवस्था का शिकार था। आज उत्तर प्रदेश में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। पाठक ने कहा कि पूरे देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश अब उत्तर प्रदेश है, छह एक्सप्रेसवे चल रहे हैं। आने वाले दिनों में छह और बनकर तैयार होंगे। कुंभ से पहले गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होगा। सभी जिलों को फोरलेन से जोड़ने के लिए 2.72 लाख किमी. से अधिक सड़कें बनाकर उत्तर प्रदेश को पूरे राष्ट्र में समृद्धशाली बनाने का कार्य हुआ है।

**सपा सरकार में सर्वाधिक 20 हजार मेगावाट बिजली**

उन्होंने कहा कि सपा सरकार में सर्वाधिक 20 हजार मेगावाट बिजली और अब 30 हजार मेगावाट से अधिक बिजली उत्तर प्रदेश में इस्तेमाल हो रही है। पीने के पानी के लिए पहले लोग सरकारी नल लगवाने की बात करते थे, अब जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य तेज गति से चल रहा है, पानी की दिक्कत नहीं है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा शासनकाल में सरकारी स्कूलों में भूसा भरकर तबेला बनाने का काम सपा के लोगों ने किया था, लेकिन अब कायाकल्प योजना के तहत 95 प्रतिशत से अधिक स्कूलों को मटिसरी स्कूलों से बेहतर बनाने का काम किया है।

## सतकुंभा धाम पर कार्तिक पूर्णिमा पर किया स्नान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप जी महाराज ने अपने दिव्य संदेश में कहा कि मानव की आस्था परम सुखदायी है। सोनीपत की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर, सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम, 68 प्रमुख तीर्थों में शामिल है। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अल सुबह स्नान किया, हवन किया और प्रसाद ग्रहण किया। हजारों श्रद्धालु कार्तिक स्नान के लिए पहुंचे, जिनमें श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां दीं। मथुरा, हरिद्वार और पांडु पिंडारा से आए वेदपाठियों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया।

यह आयोजन न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि हृदय और मन को भी पवित्रता प्रदान करता है। विश्वभर में यज्ञ पर हो रहे शोधों में यह पाया गया है कि यज्ञ वायुमंडल से प्रदूषण को कम करता है और मंत्रोच्चारण से तनाव से मुक्ति मिलती है। कार्तिक मास की पूर्णिमा को गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना मोक्ष प्राप्ति का मार्ग माना जाता है।

## छत पर खड़ी थी महिला, अचानक शख्स अपने कपड़े उतारकर हो गया नग्न; फिर युवती ने जो किया...

**मोदीनगर।** एक कॉलोनी में सिरफिरे ने अपने कपड़े उतारकर महिला के सामने अश्लीलता शुरू कर दी। महिला पर अश्लील टिप्पणी भी की। महिला ने आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। महिला घर में अकेली रहती है। आरोपित उनपर गलत नजर रखता है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक कॉलोनी की महिला के पति और बेटा बाहर नौकरी करते हैं। उनके फ्लैट के नीचे उस आरोपित का घर है। वह उनपर बुरी नजर रखता है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद जैन पुत्र मोती लाल जैन पताः बी–78, तीसरी मंजिल, जी नं.4, वेस्ट ज्योती नगर, शाहदरा, दिल्ली और 84, दिवान एस्टेट, करदम मार्ग, वेस्ट ज्योती नगर, शाहदरा, दिल्ली ने सीटी संख्या 9007/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनोद जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 9007/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त **विनोद जैन** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15090/NE/2024


## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**गन्नौरः** गन्नौर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर रही एक महिला की दिल्ली की तरफ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक 41 वर्षीय रानी देवी पुगथला गांव की रहने वाली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। जानकारी देते हुए जीआरपी चौकी से एसआई भगत सिंह ने बताया कि पुगथला गांव की रानी देवी वृंदावन जाने के लिए दो और महिलाओं के साथ गन्नौर रेलवे स्टेशन पर आई थी। तीनों महिलाएं प्लेटफार्म नंबर दो से एक की तरफ लाइन क्रास कर आ रही थी। दो महिलाओं ने तो लाइन क्रास कर ली, लेकिन रानी पीछे रह गई।

## स्वर्णकार समाज की धर्म सभा में जैन संतों ने वातावरण को बनाया भक्तिमय

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** स्वर्णकार धर्मशाला में स्वर्णकार समाज गन्नौर द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रमेश मुनि महाराज, प्रवचन भास्कर मुकेश मुनि ,युवा तपस्वी मुदित मुनि ने स्वर्णकार समाज के लोगों को प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित की और वातावरण को भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम में दिल्ली लक्ष्मी नगर से समाजसेवी चंद्र प्रकाश वर्मा ने शिरकत की। अनावरण चन्द्रभान ज्वैल्र्स से समाजसेवी अनिल वर्मा ने किया। अतिथियों का पहुंचने पर समाज की तरफ से निगम पार्षद नरेश वर्मा, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष



नरेन्द्र वर्मा, महामंत्री रजनीश वर्मा, मंत्री दिनेश वर्मा, कोषाध्यक्ष विकास वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। रमेश मुनि महाराज, प्रवचन भास्कर मुकेश मुनि ,युवा तपस्वी मुदित मुनि ने प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए कहा कि हमें कहा कि जीवन में शांति पाने के लिए क्रोध पर काबू पाना सीख लो। जिसने जीवन से समझौता करना सीख लिया वह संत हो गया। वर्तमान में जीने के लिए सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। अगर लोग अपने अहम और वहम को छोड़कर सच्चे मन से तख्त और वक्त पर एक हो जाए तो रातों-रात समाज व देश का कायाकल्प हो सकता है।


### उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0ः पी0आर0वाई0जे0-सिग-414-2024-25 दिनांकः 12.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 11.12.2024 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल पर सीनियर डी.एस.टी.ई./अलीगढ़ के 04 स्टेशनों पर के पॉइंट को मोटर संचालित पॉइंट में परिवर्तित करने का अनुबंध।

**अनुमानित मूल्य (रूपये में):** ₹ 19474918.94 (एक करोड़ चौरानवे लाख चौहत्तर हज़ार नौ सौ अठ्ठारह रूपये और चौरानवे पैसा मात्र) | **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में):** ₹ 247400.00

**कार्य समापन की अवधिः** 12 माह | **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथिः 11.12.2024**

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जायेगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जायेगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1980/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनुराग शर्मा** पुत्र **संजीव शर्मा** निवासी **14/148**, द्वितीय तल, सुभाष नगर, दिल्ली ने **FIR No. 229/2022 U/s 279/338 IPC & 146/196 MV. Act,** थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अनुराग शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनुराग शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 229/2022 U/s 279/338 IPC & 146/196 MV. Act,** थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अनुराग शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नन्दन भट्ट
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
पश्चिम जिला, कमरा नं. 356, तृतीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14638/WD/2024(Court Matter)


## संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आज से होगा तीन दिवसीय संत समागम का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर-समालखा हल्दाना बार्डर के पास संत निरंकारी अध्यात्मिक स्थल पर 77वें वार्षिक संत समागम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। समागम 16 से 18 नवंबर तक होगा। समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में संगत पहुंचेगी। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए समागम स्थल पर निरंकारी सेवा दल के साथ 1000 पुलिस कर्मियों पर सुरक्षा की जिम्मदारी है। छह सौ एकड़ से अधिक में फैले समागम स्थल में चार भागों में विभाजित किया गया है। अगर बरसात भी होगी तो इसका कोई असर नही पड़ेगा। पांडाल को व्यवस्था के लिए करीब एक माह से यहां काम चल रहा है। समागम का समय आते ही भक्तों की संख्या भी बढ़ रही है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में सेवादार समागम की व्यवस्था में लगे हुए हैं। समागम स्थल पर सत्संग पंडाल, प्रदर्शनी, प्रकाशन स्टालों, लंगर, कैंटीन, डिस्पेंसरी सहित बाहर से आने वाले भक्तों के लिए सारी व्यवस्था मिलेगी।

-स्टेशन पर जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस तैनात

भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर लगातार समागम में आने वाले



श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। उन्हें किसी तरह कर परेशानी न हो इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इनके आलावा स्टेशन पर सैकड़ों सेवादार भी स्टेशन पर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दे रहे हैं। कतारों में श्रद्धालुओं को स्टेशन से बाहर भेजा जा रहा है। सेवादारों द्वारा भीड़ अधिक होने पर कुछ देर के लिए अगली कतार खाली होने तक पीछे की कतार को रोक दिया जाता है। इसके बाद कतारों को फिर रवाना कर दिया जाता है।

- स्टेशन पर बनाया गया हैं हेल्प डेस्क

भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस कर्मचारियों द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिसमें स्टेशन पर पहुंच कर अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं। सेवादारों द्वारा स्टेशन के साथ लगते समागम स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं व उनके बैग इत्यादी की सेवादारों द्वारा जांच की जा रही है। जांच के बाद जैसे ही श्रद्धालु समागम स्थल में प्रवेश करते हैं वहां उनके लिए निरंकारी मंडल द्वारा चाय व पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके बाद श्रद्धालुओं को उनके राज्यों व क्षेत्रों के अनुसार बसों व अन्य वाहनों पर बैठा कर निर्धारित ग्राउंड तक छोड़ दिया जाता है। जहां उनके टैंटनुमा शहरों में रहने व लंगर की व्यवस्था निरंकारी मंडल द्वारा की गई है। बजुर्गों व दिव्यांगो के लिए भोडवाल स्टेशन पर दोनों तरफ प्लेटफार्म पर लिफ्ट भी लगाई गई हैं।

## दूध से लोड गाड़ी हुई चोरी, केस दर्ज

**गन्नौरः** टेहा गांव के पास सड़क पर खड़ी दूध से लोड खड़ी गाड़ी को चोरी हो गई। मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में शेखपुरा निवासी राजेश ने बताया कि मदर डेयरी में उसकी गाड़ी चलती है। जिस पर टेहा गांव का योगेश ड्राइवरी करता है। 13 नवंबर को करनाल सिथत एनडीआरआई प्लांट में दूध लोड कर उसने गाड़ी को टेहा गांव के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया।


### उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/करनाल के अनुभाग में सुरक्षा कार्यों की मरम्मत, नीचे और ऊपर धारा पर पत्थर की पिचिंग को मजबूत करना, तटबंध के दोनों ओर, एबटमेंट, खंड में केयूएन–बीजेडके के बीच पुल संख्या 196 डब्ल्यूजेसी नहर किमी 126/13–17 की ड्रॉप दीवार और बेड फ्लोरिंग का निर्माण। |
| अनुमानित लागत | ₹2,34,84,945.35 |
| धरोहर राशि | ₹2,67,400/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान गेटवे के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.12.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| समान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में किया जाना चाहिए। और सभी सलंग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

सं.: 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I (NIT-51)
दिनांकः 13.11.2024 3527/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | पंजाब में दो रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य, लेवल क्रॉसिंग (एलसी) नंबर 164 ए, किमी 353/35–354/01, दोराहा (डीओए) और साहनेवाल (एसएनएल) स्टेशनों के बीच, अंबाला (यूएमबी) – लुधियाना (एलडीएच) खंड पर और एलसी नंबर एस–4 किमी 03/4–5, अमृतसर (एएसआर) और भगतांवाला (बीजीटीएन) के बीच, अमृतसर (एएसआर) – खेमकरण (केईएमके) खंड पर, सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) उत्तर रेलवे के अंतर्गत। |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | ₹1033859936.16 मात्र (रुपए एक सौ तीन करोड़, अड़तीस लाख, उनसठ हजार, नौ सौ छत्तीस और सोलह पैसे मात्र) |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 4 | बयाना राशि | ₹5319300/- (रुपए तिरपन लाख उन्नीस हजार तीन सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज IREPS वैबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 14.11.2024 से 13.12.2024 11:30 बजे तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 13.12.2024, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 13.12.2024 प्रातः 11:30 बजे के बाद किसी भी समय |

पत्रांक सं. 07/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांकः 14.11.2024 3545/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# हालात नहीं सुधरे तो कृत्रिम बारिश पर विचार: गोपाल

## दिल्ली में वाहन प्रदूषण के कारण पीएम 2.5 का स्तर उच्च हो गया, इसलिए लगाए गए प्रतिबंध: गोपाल राय

**सख्ती**

**दिल्ली में अन्य ईंधन से चलनेवाली अंतरराज्यीय बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रेप 3 के तहत नियम लागू हो गए हैं। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि प्रदूषण के मद्देनजर 106 बसें शटल सेवा के रूप में चलेंगी, मेट्रो ट्रेनें 60 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। ग्रैप 3 के उपायों के तहत निजी भवन निर्माण, विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में वाहन प्रदूषण के कारण पीएम 2.5 का स्तर उच्च हो गया है। दिल्ली में बीएस III पेट्रोल, बीएस IV डीजल चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ई-बसों, सीएनजी पर चलने वाली बसों को छोड़कर दिल्ली में अन्य ईंधन से चलनेवाली अंतरराज्यीय बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**दो दिनों तक एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में:** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने GRAP-3 के तहत नियम को लागू किए हैं। दरअसल, लगातार दो दिनों तक हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। शुक्रवार को भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता 411 एक्यूआई के साथ गंभीर श्रेणी में थी। गोपाल राय ने कहा कि ई-बसों और सीएनजी वाहनों को छोड़कर अंतरराज्यीय बसों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, बीएस-III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल चार पहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए मंत्री ने दिल्ली परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त 106 क्लस्टर बस सेवाएं और मेट्रो ट्रेनों द्वारा 60 अतिरिक्त यात्राएं शुरू करने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि अगर हवा की गुणवत्ता और खराब होती है तो कृत्रिम बारिश जैसे आपातकालीन उपायों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में फिर से बात करेंगे।

**घर से काम करने का किया आग्रह: गोपाल राय ने** कहा कि ग्रेप 3 के उपायों के तहत निजी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राय ने कहा, "हम दिल्ली में ग्रेप-3 उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने पर काम कर रहे हैं।" उन्होंने लोगों से छोटी दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन और कारपूल पर भरोसा करने या जब भी संभव हो घर से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विंटर एक्शन प्लान को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, परिवहन, डीटीसी, मेट्रो, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की गई थी।

### ग्रैप-3 में लोगों के लिए सीएक्यूएम की सलाह

- –कम दूरी के लिए साइकिल का करें इस्तेमाल या चलें पैदल।
- –संभव होने पर कार पूलिंग का लें सहारा।
- –सार्वजनिक परिवहन का करें इस्तेमाल।
- –दफ्तर से इजाजत मिलने पर वर्क फ्रॉम होम पर चले जाएं।
- –निर्माण कार्य समेत दूसरी प्रदूषण पैदा करने वाली गतिविधियों का रोकें।

**लोगों को हो रही सांस संबंधी परेशानी**

दिल्ली और एनसीआर इन दिनों वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। हवा में बढ़ते प्रदूषक सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण सांस से संबंधित समस्याओं का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही ये हृदय रोग, फेफड़ों में संक्रमण सहित कई अन्य प्रकार की समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

# कोहरे के बीच एक्यूआई फिर गंभीर श्रेणी में



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी सुबह के समय कोहरा छाया रहा। वहीं, एक्यआई शुक्रवार को भी गंभीर श्रेणी में रहा। एक्यूआईसीएन के अनुसार, शुक्रवार को सुबह करीब सात बजे सबसे ज्यादा श्रीनिवासपुरी दिल्ली में एक्यआई 531 दर्ज किया गया। वहीं, कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से सड़कों पर वाहनों को भी काफी परेशानी हो रही है। उधर, रेल और फ्लाइटों की उड़ान पर भी असर पड़ रहा है। कोहरे के चलते 300 से ज्यादा फ्लाइट में विलंब रहा, जबकि सात फ्लाइटों को रद्द किया गया। बता दें कि राजधानी दिल्ली और पूरे एनसीआर में तीन दिन से लगातार एक्यूआई गंभीर श्रेणी में चल रहा है। आइए बताते हैं कि आज कहां पर कितना एक्यूआई रहा है।

**बृहस्पतिवार को घने कोहरे से मिली थी थोड़ी राहत**

तेज हवाओं के चलते बृहस्पतिवार को घने कोहरे से राहत रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह 7 बजे दृश्यता का न्यूनतम स्तर भी 300 मीटर तक दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह शून्य तक चला गया था। तेज हवाओं के कारण मौसम में ठंडक भी बनी हुई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी आर के जेनामणि ने बताया कि दिल्ली में कोहरे और तेज हवाओं के कारण मौसम में भी काफी बदलाव आया है। दिन में भी स्मॉग छाए रहने और सूरज की रोशनी कम होने से अधिकतम तापमान में कम ही रह सकता है।

# केंद्र ने सराय काले खां चौक का नाम बदल कर बिरसा मुंडा चौक किया



**अनावरण**

**आज ही के दिन झारखंड के एक छोटे से गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्र सरकार** ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर करने की घोषणा की। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर सराय काले खां के नजदीक बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा थी। आज ही के दिन झारखंड के एक छोटे से गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था।

शाह ने कहा कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर 2025 तक आगामी एक वर्ष आदिवासी गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए अपनी मूल संस्कृति के उद्धारक तो बने ही, उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में अपने कृत्यों के माध्यम से इस बात की व्याख्या की कि जीवन कैसा व किसके लिए होना चाहिए और जीवन का ध्येय क्या होना चाहिए। निश्चित तौर पर भगवान बिरसा मुंडा आजादी के महानायकों में से एक हैं। गृह मंत्री ने कहा कि बहुत कम उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी सेकंडरी शिक्षा के दौरान धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई थी। जब पूरे भारत और दो-तिहाई दुनिया पर अंग्रेजों का शासन था, उस समय बालक बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा होने की वीरता दिखाई और आगे चलकर यह दृढ़ता और वीरता इस देश के एक नायक के रूप में परिवर्तित हुई। उन्होंने कहा कि रांची की जेल से इंग्लैंड की महारानी तक राष्ट्र नायक बिरसा मुंडा देशवासियों की आवाज बने थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आदिवासियों ने देशभर में अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया, लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद इन महानायकों को भुला दिया गया।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनजातीय गौरव के लिए ढेर सारे काम किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में जनजातियों के विकास के लिए सिर्फ 28,000 करोड़ रुपये का बजट था, जबकि मोदी सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में आदिवासियों के विकास के लिए 1,33,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 26,428 आदिवासी गांवों में सभी बुनियादी सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई गई हैं।

डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन स्कीम के तहत 97 हजार करोड़ रुपये आदिवासी क्षेत्रों में वितरित किए गए। साथ ही 708 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल बनाए गए, प्रधानमंत्री पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन के तहत 15,000 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत 63,000 गांवों को संपूर्ण रूप से विकसित करने के लिए 24,000 करोड़ रुपये आवंटित गए हैं।

# अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या पर एलजी सक्सेना का एक्शन

**निर्देश**

**दस्तावेजों के लिए आवेदन करने वाले लोगों के सत्यापन में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली में अवैध प्रवासियों की संख्या में अचानक वृद्धि के बारे में रिपोर्टों का संज्ञान लिया और तुरंत इसके उपाय सुनिश्चित करने के आदेश दिए। एलजी सक्सेना के प्रमुख सचिव ने मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, आयुक्त एमसीडी और अध्यक्ष एनडीएमसी को इस संबंध में लेटर जारी किया है। उन्होंने लिखा, "मुख्य सचिव पहचान के दस्तावेजों के लिए आवेदन करने वाले लोगों के सत्यापन में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश जारी कर सकते हैं। इसके अलावा पुलिस आयुक्त फील्ड स्तर के अधिकारियों को विशेष रूप से सड़क के किनारे और खाली सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों का निरीक्षण करते समय अतिरिक्त सतर्क रहने के निर्देश भी जारी कर सकते हैं। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस अवैध अप्रवासियों की पहचान करने के लिए एक महीने तक विशेष अभियान चलाएगी।



श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में मत्था टेका।

# रसोई का बजट बिगाड़ रही महंगाई, लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: महंगाई** का असर अब सीधा घर के बजट पर पड़ने लगा है। सितंबर से नवंबर के बीच दाल, सब्जियों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार उछाल आया है। निम्न मध्यम वर्गीय परिवार का तो महंगाई की मार ने दम ही निकाल दिया है। बाजार में दालों के साथ पैकेट वाले सामानों की बिक्री भी कम होने लगी है। महंगाई का असर अब रोजमर्रा की चीजों में भी दिखाई दे रहा है। महंगाई ने पहले दीपावली पर्व को फीका किया। धीरे-धीरे इसका असर उसके दैनिक जीवन में भी दिखाई देने लगा है। दाल-सब्जी खाने वाले अब एक समय में या तो दाल खा रहे है या सब्जी ही खा रहे हैं।

मिनाक्षी ने कहा कि आम लोग इसे सीधे सरकार की नाकामी मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा ही रहा तो आने वाले दिन और भयानक हो सकते हैं। जल्द सरकार को इस बढ़ी हुई कीमतों पर लगाम लगानी के लिए मजबूत नीति बनानी होगी। यही हाल सब्जियों का भी है।

पहले ही राशन का बजट मुश्किल से संभलता था। अब हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं।

# सीपीडब्ल्यूडी करेगा केजरीवाल के आवास में साज-सज्जा खर्च की जांच



**जांच होगी**

**केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास पर आंतरिक साज-सज्जा और सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय** लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में साज-सज्जा पर खर्च की जांच करेगा। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास 6, फ्लैग स्टाफ रोड में साज-सज्जा पर खर्च किए गए कथित करोड़ों रुपये की जांच करने का आदेश सीपीडब्ल्यूडी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) को दिया है। इस संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष ने 21 अक्टूबर को सीवीसी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने कहा था कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास पर आंतरिक साज-सज्जा और सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च किया गया।

इसमें उच्च स्तर के भ्रष्टाचार की बू आती है और तत्काल जांच की आवश्यकता है। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने अपने घर में 77 लाख के टीवी, 50 लाख का रेशमी कालीन, 42 लाख की पीतल की रेलिंग, 20 लाख का स्पा सेंटर, 18 लाख का हॉट वॉटर जेनरेटर, 12-12 लाख की टॉयलेट सीट पर करोड़ों रुपए बेदर्दी से खर्च कर दिए।

# यमुना को बचाने के लिए चलेगी 'यमुना बचाओ यात्रा'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गंदी यमुना को किस तरह से साफ किया जा सकता है और इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 40 दिनों तक 'यमुना बचाओ यात्रा' निकाली जाएगी। यह यात्रा 17 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक चलेगा। इस बात की जानकारी श्री प्रीतम धाम दशमेश धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक/पीठाधीर बाबा हरिदास ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही।

बाबा हरिदास ने बताया कि इस यात्रा में उनके साथ साधु-संत, महात्मा व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि उद्योगपति लोगों द्वारा फैक्ट्रियों व कल-कारखानों के माध्यम से कैमिकल युक्त पानी नालों में बहाकर यमुना नदी को प्रदूषित किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार का राज्य सरकारों ने किसी एक विभाग की जिम्मेदारी तय नहीं की। जिससे यमुना सफाई के कार्य को एक विभाग दूसरे विभाग पर समस्या के निवारण के लिए टालता जाता है। इस अवसर पर बाबा हरीदास, डॉ. आर.पी. सिंह और सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य गौरव दुबे के अलावा वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार, दिल्ली झुग्गी-झोपड़ी एकता मंच के जवाहर सिंह, मेडीसन बाबा फाउंडेशन से ओंकानाथ शर्मा, डॉ. राजकुमार ढींगीया एडवोकेट एवं पं. अनिल शर्मा गजराज महाराज, जन विस संगठन रजनीश शर्मा आदि लोग मौजूद थे। बाबा हरिदास ने बताया कि सीवेज/वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के कार्य योजना को भी अत्यंत लापरवाही व धीमी गति से किया जा रहा है जिसकी वजह से 80 प्रतिशत दिल्ली की जनता दूषित पानी पीने पर मजबूर। इससे पेट की बीमारियों के अलावा किडनी, चर्म रोग, कैंसर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों हो रही है।

# दलित नेता वीर सिंह धींगान आआपा में शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पूर्वी दिल्ली** के सीमापुरी से तीन बार के विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ दलित नेता वीर सिंह धींगान शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) में शामिल हो गए। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें टोपी और पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वीर सिंह धींगान के आने से आम आदमी पार्टी की ओर से दलित समाज के लिए किए जा रहे कार्यों को मजबूती मिलेगी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी अपने कामों की वजह से वोट मांगती है। इसी का नतीजा है कि आज दूसरी पार्टियों से अच्छे-अच्छे नेता हमारे साथ जुड़ रहे हैं। दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी है और हम आने वाले चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। इससे पहले 10 नवंबर को सीलमपुर से पांच बार विधायक रहे कांग्रेस के बड़े नेता चौधरी मतीन अहमद आआपा में शामिल हुए थे। मतीन अहमद के बेटे और बहू भी कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हो गए थे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आआपा अपने कामों की वजह से वोट मांगती है। हम खुल के कहते हैं कि अगर काम किया है तो वोट देना, वरना हमें वोट मत देना।

# 'जाति के आधार पर नहीं गरीबी के आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए'




**जैन ने कहा**

**धारा 370 को हटाये जाने का फायदा तब होगा, जब भगाये गए कश्मीरी पंडियों को फिर से वहां बुलाया जाये।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** धारा 370 को हटाये जाने का फायदा तब होगा जब कश्मीर से भगाये गए कश्मीरी पंडितों को फिर से वहां बुलाया जाय और उनकी जमीन दिलवाई जाए। यह बात वीर जनशक्ति पार्टी (वीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कही। उन्होंने कहा कि पार्टी अगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। प्रेस कांफ्रेस में धरणोन्द्र कुमार जैन राष्ट्रीय सचिव, महेंद्र तुरखिया राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सुकृति जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, विशन सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, एच.एन.शर्मा राष्ट्रीय मार्गदशर्क, विपिन गुप्ता राष्ट्रीय मार्गदशर्क, आर.के.त्रिवेदी अध्यक्ष, पूर्वी उत्तर प्रदेश, सुदेश जैन संयोजक दिल्ली प्रदेश, प्रदुमन जैन सदस्य दिल्ली प्रदेश, पवन शर्मा सदस्य दिल्ली प्रदेश, पुष्पेंद्र मलिक सदस्य दिल्ली प्रदेश एवं डॉ. इन्दुजैन मौजूद थे।

इस मौके पर दिल्ली प्रदेश के सदस्य पवन शर्मा ने कहा कि 80 फीसद बच्चों को देखने की समस्या है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान किया जाना चाहिए। जिनके कंधे पर भविष्य की जिम्मेदारी पड़ने वाली है अगर उसकी नजर ही कमजोर होगी तो फिर देश का भविष्य क्या होगा। श्री जैन ने कहा कि आरक्षण जाति के आधार पर नहीं होना चाहिए, बल्कि गरीबी के आधार पर होना चाहिए। डॉ. मणीन्द्र जैन ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य 'जीओ और जीने दो' का है, इसी के तहत हम हर भारतवासी को स्वावलंबी और समृद्ध बनाने का लक्ष्य तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के राजनीति में युवाओं और अच्छे लोगों को प्रवेश कराके ही वर्तमान में गिरते राजनीतिक स्तर के माहौल को ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर पार्टी की ओर से संकल्प पत्र भी जारी किया गया। जिसका स्लोगन है 'करने कराने के लिए कटिबद्ध है, एवं वचनवद्ध है'। श्री जैन ने कहा कि हम लोग गांव गांव में छोटे छोटे उद्योग लगाने की योजना पर काम कर है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं को रोजगार मिलेगा तभी देश प्रगति करेगा। हमारा किसी भी पार्टी से कोई बैर नहीं है। हमारा एक ही मकसद है देश की प्रगति और सनातन धर्म की रक्षा।

# रिटायर्ड इंजीनियर साइबर ठगी का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के रोहिणी के एक सेवानिवृत्त 70 वर्षीय इंजीनियर को साइबर धोखाधड़ी में फंसाया गया और 10 करोड़ और 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित एक प्रतिष्ठित कॉलेज का पूर्व छात्र था और कई कंपनियों में शीर्ष पदों पर था और उसे ठगों से एक कूरियर के बारे में फोन आया था जो उसके नाम पर भेजा गया था। जैसे ही पीड़ित ने कॉल अटेंड किया और ठगों के निदेर्शों का पालन किया। पीड़ित की निजी जानकारी मांगी गई जिसके बाद उसे धमकी दी गई और बताया गया कि उसके नाम पर ताइवान से प्रतिबंधित दवाओं का एक पार्सल आया है, और एफआईआर होगी।

# चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी हक: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को किसानों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए, न कि इस प्रकार की बयानबाजी करके लोगों को मुद्दे से भटकाना चाहिए। चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी हक है। पंजाब के नेताओं को विधानसभा के विषय पर घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां पत्रकारो को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक राम कुमार गौतम, रणधीर पनिहार, विनोद भ्याना और देवेंद्र कादियान भी उपस्थित रहे।उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि वे चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा नहीं बनने देंगे। नायब सिंह सैनी ने भगवंत मान को नसीहत देते हुए कहा कि पंजाब सरकार लोगों के हित के लिए काम करे। हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। इसलिए ऐसी बयानबाजी करके द्वेष खड़ा करने या भाईचारा खराब करने का काम न करें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों की फसल नहीं खरीद रही, न ही किसानों को एमएसपी का मूल्य दिया जा रहा है। पंजाब सरकार अपने राज्य में किसानों की स्थिति बेहतर करने पर ध्यान दें। चंडीगढ़ में विधानसभा नहीं बनने देंगे, ऐसे बयान देकर वे लोगों का ध्यान बांटना चाहते हैं।



## पंजाब की स्थिति ठीक करें मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा की चिंता न करें: सीएम सैनी

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के हित में कदम उठाए। भगवंत मान पंजाब की स्थिति ठीक करें, हरियाणा की चिंता न करें। ऐसे बयान देकर लोगों को बरगलाने का काम न करें। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेताओं ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण पहले हरियाणा का एसवाईएल का पानी रोक दिया और अब विधानसभा बनने से रोकने की बात कर रहे हैं। पंजाब के लोग तो हरियाणा से प्यार करते हैं। पंजाब के किसान चाहते हैं कि हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिले। पंजाब के नेता घटिया राजनीति करने का काम करते हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के हित में कदम उठाए।भगवंत मान पंजाब की स्थिति ठीक करें, हरियाणा की चिंता न करें। ऐसे बयान देकर लोगों को बरगलाने का काम न करें। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेताओं ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण पहले हरियाणा का एसवाईएल का पानी रोक दिया और अब विधानसभा बनने से रोकने की बात कर रहे हैं। पंजाब के लोग तो हरियाणा से प्यार करते हैं। पंजाब के किसान चाहते हैं कि हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिले। पंजाब के नेता घटिया राजनीति करने का काम करते हैं। नायब सिंह सैनी ने निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब की पूर्व की सरकारों ने भी ऐसी ही राजनीति करने का काम किया है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। दोनों ने ही पंजाब के लोगों के हित के लिए कार्य नहीं किया। लोग सब कुछ जानते हैं और जनता पंजाब की सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने बातें बहुत ज्यादा की, लेकिन धरातल पर काम नहीं किया। इसलिए किसान कांग्रेस से रुष्ट हुए, क्योंकि किसान अंतर देखते हैं। कांग्रेस के पास नीति और नीयत नहीं थी, जबकि हमारे पास नीति भी है, नीयत भी है और हम लगातार किसानों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में तो किसानों को फसल बेचने के लिए सड़कों पर जाम लगाने पड़े, तब भी उनकी फसल नहीं बिकी और न ही उन्हें एमएसपी का मूल्य मिला।

# राज्यपाल ने लोगों को जनजातीय गौरव दिवस पर दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जो प्रतिवर्ष श्रद्धेय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है, यह दिवस स्वतंत्रता संग्राम में भारत के आदिवासी समुदायों के अमूल्य योगदान और बलिदान की याद दिलाता है। जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहस और मनोबल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविध परंपराओं और मान्यताओं को संरक्षित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे आदिवासी नेताओं और समुदायों की बहादुरी और समर्पण का सम्मान करने का अवसर है, जिन्होंने हमारे देश के सामाजिक

**गौरव दिवस**

**▶▶ जनजातीय गौरव दिवस, जो प्रतिवर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है**

और सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नंवबर, 2024 से 15 नंवबर, 2025 तक वार्षिक समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया है, जो कि सराहनीय और जनजातीय समुदाय के लिए गौरव की बात है। 150वीं जयंती वर्ष के दौरान देशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को भगवान बिरसा मुंडा के उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ प्रतिरोध व संघर्ष के जीवन को जानने का अवसर मिलेगा।

## न्यूज फ्लैश

### गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की देश व प्रदेशवासियों को बहुत-बहुत बधाई - बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज हरियाणा और देश के लोगों को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रथम सिख गुरु, श्री गुरु नानक देव जी की अनमोल शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान किया। श्री गुरु नानक देव जी ने जिस मानव जाति का पाठ हमें सिखाया उसी पर चलते हुए हमें मानवता और राष्ट्र की सेवा में निरंतर चलते रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं प्रेम, समानता और करुणा के मार्ग को रोशन करती हैं। उनका जीवन हमें विनम्रता अपनाने, मानवता की सेवा करने और भेदभाव से मुक्त सामंजस्यपूर्ण समाज की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस पवित्र अवसर पर, श्री दत्तात्रेय ने लोगों से समाज में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए श्री गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद हमें सत्य के प्रकाश की ओर ले जाए और मानवता की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करें।

### ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हरेडा ने: एडीसी डा. पंकज यादव

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा एजेंसी द्वारा हर साल वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार दिए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से 26 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एडीसी डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने, तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के फलस्वरूप राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता है। इसके अलावा इनोवेशन, नई प्रौद्योगिकियां, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। इन पुरस्कारों में नकद राशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान करने के लिए पात्र उपभोक्ताओं से 26 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के दिशा-निर्देश हरेडा की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडॉटहरेड़ाडॉटजीओवीडॉटइन पर देखे जा सकते हैं। इस बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

दयालु योजना में मृत्यु या दिव्यांग होने पर अंत्योदय परिवार को दी जाती है आर्थिक सहायता: डीसी डा. वीरेद्र दहिया

### आयु वर्ग के अनुसार मृतक के आश्रित को दी जाती है एक से पांच लाख तक की राशि

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा सरकार ने किसी पारिवारिक सदस्य की आकस्मिक मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता होने की स्थिति में अंत्योदय परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना चलाई हुई है। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) के अंतर्गत योजना विभाग द्वारा यह वित्तीय सहायता दी जाती है। डीसी डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया ने बताया कि योजना विभाग ने हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास बनाया हुआ है, जिसके माध्यम से दयालु नाम से यह स्कीम चलाई जा रही है। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रूपए या इससे कम है, उन परिवारों को दयालु योजना का लाभ दिया जाता है। पात्र परिवार हरियाणा प्रदेश का स्थाई निवासी होना चाहिए। पात्र परिवार का बैंक में खाता हो और उसने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना या प्रधानमंत्री जीवन बीमा सुरक्षा योजना का फार्म भरा हुआ हो। उन्होंने बताया कि दयालु योजना में 6 से 12 साल तक के बच्चे की मृत्यु होने पर एक लाख रूपए, 12 से 18 साल तक के बच्चे की मृत्यु होने पर दो लाख रूपए, 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा की मृत्यु होने पर तीन लाख रूपए, 25 से 45 वर्ष के युवा की मृत्यु होने पर पांच लाख रूपए तथा 45 से 60 साल के व्यश्चित की मृत्यु होने पर तीन लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

# भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, नशा और अपराध हुआ बेलगाम: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि धर्म की राजनीति में उलझी भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, नशा और अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं है ये सभी बेलगाम होकर लोगों के सपनों को लील रही है। एक साल में टमाटर के दाम 161 प्रतिशत, आलू के 65, और प्याज के दामों में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक माह में खाद्य तेलों के दाम आठ प्रतिशत तक बढ़ गए। महंगाई ने रसोई का बजट ही बिगाड़ कर रख दिया है और सरकार है कि हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि खाद्य तेल के भावों में एक माह में 08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मूंगफली तेल के दामों में तेजी देखी जा रही है, सरसों तेल के दाम 2.5 प्रतिशत, वनस्पति तेल के दाम 05 प्रतिशत, सोया तेल के दाम 05 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल के दाम में 05 प्रतिशत और पाम ऑयल के दाम में सर्वाधिक 08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चाय के दामें भी 03 प्रतिशत बढ़े हैं। एक साल में टमाटर के दाम 161 प्रतिशत, आलू के 65, और प्याज के दामों में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सब्जी आढ़तियों का कहना है कि टमाटर और प्याज आम आदमी की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। सब्जियों के



बढ़े हुए दाम ने रसोई का जायका बिगाड़ कर रख दिया हैं। रसोई पर पड़ रही महंगाई की मार ने आम आदमी का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। बाजार में सब्जी खरीद कर आई महिलाएं सब्जी के बढ़े हुए दामों से परेशान नजर आईं। कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली अदरक 280 रुपये किलो और हरा धनिया 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। सब्जियों के दाम इतने ज्यादा हैं कि कुछ भी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि लहसुन भी अब 100 रुपये पाव बिक रहा है। आलू भी 35-50 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने

**निशाना साधा**

**▶▶ एक साल में टमाटर के दाम 161, आलू के 65, और प्याज के 52 प्रतिशत बढ़े: कुमारी सैलजा**

एक बार फिर से फन फैलाना शुरू कर दिया है। अक्टूबर के महीने में देश की खुदरा महंगाई के आंकड़े एक बार फिर से बढ़ गए है और 14 महीने के हाई पर पहुंच गए हैं। सितंबर के मुकाबले में खुदरा महंगाई के आंकड़ों में 0.72 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद देश में रिटेल महंगाई आरबीआई के टॉललेंस लेवल 6 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है। ग्रामीण महंगाई भी बढ़कर 6.68 फीसदी हो गई, जो सितंबर में 5.87 फीसदी थी, जबकि शहरी महंगाई पिछले महीने के 5.05 प्रतिशत से बढकर 5.62 फीसदी हो गई। रॉयटर्स के एक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया था कि अक्टूबर में भारत की महंगाई दर 6 प्रतिशत के करीब पहुंच जाएगी, अनुमान है कि यह 5.81 फीसदी होगी. हालांकि, यूबीएस को उम्मीद थी कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 6.15 प्रतिशत तक चढ़ जाएगा, जो आरबीआई की टॉलरेंस लेवल 6 प्रतिशत से अधिक होगा।

# झौंपड़ पट्टी क्षेत्र में बच्चों के लिए खोला भूमि शेल्टर स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** भूमि आश्रम ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक और पहल करते हुए सेक्टर 33 की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के लिए एक नया भूमि शेल्टर स्कूल खोला है। यह स्कूल इन झुग्गी-झोपडियां में रहने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने में मदद करेगा और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में योगदान करेगा। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था भूमि आश्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धों की सेवा के साथ-साथ जरुरतमंद बच्चों को

**शुभारंभ**

**▶▶ एसडीएम राजेश खोथ और पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने रिबन काटकर स्कूल का शुभारंभ किया**

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। स्कूल खुलने के पहले ही दिन लगभग 100 बच्चों को पढ़ाना शुरू किया गया। स्कूल के संस्थापक मुकेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हमारा उद्देश्य है कि झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने पैरों पर खड़ा हो सकें और समाज के लिये प्रेरणा बन सकें। ये वो बच्चे हैं जिन्होंने कभी स्कूल का दरवाजा तक नहीं देखा, पर इन बच्चों का हौंसला और जज्बे को देखकर उन्होंने अपनी संस्था के द्वारा भूमि शेल्टर स्कूल हिसार की स्थापना की। हांसी के एसडीएम राजेश खोथ और पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने रिबन काटकर स्कूल का शुभारंभ किया।

# सीआईएसएफ को मिली पहली महिला बटालियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** देश में महिलाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दी है। सीआईएसएफ उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रहा है जो वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं। सीआईएसएफ में महिला बलकर्मियों की संख्या 7 प्रतिशत से अधिक है। सीआईएसएफ में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा।

# श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर किया गया अस्पताल का नाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने 14 नवंबर को विधानसभा सत्र में गुरूग्राम में लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 700 बेड के सरकारी अस्पताल का नामकरण श्री गुरू नानक देव जी के नाम पर करने का फैसला किया है। इसके अलावा आज प्रकाश पर्व पर किसानों को 300 करोड रुपए की बोनस की दूसरी किस्त जारी की है।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला के गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसान व समाज हित में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरसा में चिल्ला साहिब गुरुद्वारा की 77 एकड़ भूमि भी गुरूघर के नाम करने का निर्णय लिया है। इस भूमि की लगातार मांग चली आ रही थी। श्री गुरु नानक देव जी इस भूमि पर आए और 40 दिन तक लगातार तपस्या की। इसलिए सरकार ने यह भूमि गुरूद्वारे को

**फैसला**

**▶▶ सिरसा में 77 एकड़ भूमि गुरूद्वारे के नाम करने का निर्णय, प्रदेश की आर्थिक खुशहाली और समृद्धि की कामना की**

सौंप दी। यह हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है।मुख्यमंत्री ने कहा कि एचएसवीपी के 7000 प्लाट धारकों की इनहांसमेंट समस्याओं का निवारण करने के लिए आज पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल लगातार 6 माह तक खुला रहेगा और इनकी समस्याओं का निवारण करेगा। इसके अलावा किसानों को उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की जानकारी देने के लिए मृदा कार्ड बनाए जाएगें।

हर तीन साल के बाद किसानों की भूमि के मृदा कार्ड बनाए जाते हैं। अब 40 लाख किसानों के मृदा कार्ड बनाकर जारी किए जाएंगे जो किसानों को भूमि की उत्तम स्वास्थ्य की जानकारी देगा।

# सैनी ने विवादों से समाधान योजना का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: श्री गुरु** नानक देव जी की जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लॉट धारकों के एन्हांसमेंट संबंधी विवादों के समाधान हेतु विवादों से समाधान योजना (वीएसएसएस-2024) का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य एन्हांसमेंट से जुड़े मुद्दों का एकमुश्त समाधान प्रदान करना है। यह योजना 15 नवंबर 2024 से अगले 6 महीनों तक लागू रहेगी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से प्लॉट धारकों के एन्हांसमेंट सहित सभी लंबित मामलों का निपटान किया जाएगा।



लगभग 7,000 से अधिक प्लॉट धारकों को करीब 550 करोड़ रुपये की बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सरकार ने समय-समय पर विवादों के समाधान हेतु इसी प्रकार की योजनाएं चलाई हैं, जिनमें 50,000 से अधिक लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया है। वीएसएसएस-2024 योजना उन सभी प्लॉट धारकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो किसी कारणवश पिछली योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा कि वीएसएसएस- 2024 को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस योजना की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए अखबारों और रेडियो के

**योजना लागू**

**▶▶ योजना के तहत एन्हांसमेंट से संबंधित मुद्दों का होगा समाधान, 15 नवंबर से अगले 6 माह तक लागू रहेगी योजना**

माध्यम से विज्ञापन जारी किए गए हैं, और ई-मेल एवं संदेशों के द्वारा भी सूचनाएं भेजी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्लॉट धारकों से अपील की है वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्लॉट धारक आज से अपने एचएसवीपी खाते में लॉगिन करके नए पुनर्गणना किए गए एन्हांसमेंट मूल्य की जानकारी ऑनलाइन देख सकते हैं।

# दो पत्ती फिल्म में हुड्डा गौत्र की छवि बिगाड़ी, रोक की मांग उठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में सर्व हुड्डा खाप द्वारा फिल्म दो पत्ती को लेकर किया जा रहा विरोध अब तेज हो रहा है। हालांकि यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म पर आ चुकी है लेकिन हुड्डा गौत्र के लोग इसका विरोध करते हुए इसे बैन करवाने की मांग कर रहे हैं। सर्व हुड्डा खाप ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित उनके निवास पर मुलाकात करके 25 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म दो पत्ती में हुड्डा गौत्र पर की गई टिप्पणी को हटवाने की मांग की है।साथ ही फिल्म निमार्ता,

**रोष**

**▶▶ समाज के लोग ने रोक की मांग उठाई, मुख्यमंत्री नायब सैनी से सर्व हुड्डा खाप के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात**

निदेशक, अभिनेता और प्रसारित करने वाले ओटीटी प्लेटफार्म से सार्वजनिक माफी मांगने की बात कही है। इससे पहले रोहतक में सर्व हुड्डा खाप के 45 गांव के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने पंचायत करके एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया था। इसके सदस्य और इस मामले को समाज के सामने लाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिंह हुड्डा को हरियाणा के मुख्यमंत्री और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री से पत्राचार कर मामले को उचित ढंग से उठाने का अधिकार दिया गया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सुरेन्द्र सिंह हुड्डा ने बताया कि फिल्म दो पत्ती के एक संवाद से जाट समाज के हुड्डा गौत्र को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विवादित मामले को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात के दौरान विस्तृत चर्चा हुई।

# उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की नीति पर चल रही है बीजेपी सरकार: हुड्डा

## हरियाणा की 70% आबादी कैसे हुई गरीब, बीजेपी दे जवाब- हुड्डा, राज्यपाल के अभिभाषण में नही था कोई विजन और रोडमैप- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद अब तक बीजेपी के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। जबकि कांग्रेस ने प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने और कानून व्यवस्था में हरियाणा को नंबर वन राज्य बनाया था। ऐसे में 10 साल पहले की कांग्रेस सरकार पर बीजेपी आज सवाल उठा रही है। ये तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई है।

हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हरियाणा को विकास में



नंबर वन बनाया था। जबकि भाजपा ने गरीबी में नंबर वन बना दिया है। खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि आज हरियाणा की 70% आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच गई है। यह बीजेपी सरकार की नाकामी का स्पष्ट रिपोर्ट कार्ड है। बीजेपी को बताना चाहिए कि उसके विकास के दावों और किसानों की डबल आय के वादों का क्या हुआ? अगर भाजपा कार्यकाल में विकास हुआ है तो फिर इतनी बड़ी आबादी गरीब कैसे हो गई? राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि उसमें ना

**सरकार को घेरा**

**▶▶ 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद अब तक बीजेपी के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है**

किसी तरह का विजन था और ना ही भविष्य के लिए कोई रोड मैप था। सरकार ने नई बोतल में पुरानी शराब पेश की है। अभिभाषण पर चर्चा में मुख्यमंत्री ने जो जवाब दिया वह भी जनता और विपक्ष के सवालों को संतुष्ट करने वाला नहीं था। उदाहरण के तौर पर, सरकार का कहना है कि प्रदेश में डीएपी की कोई कमी नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर किसानों की इतनी लंबी-लंबी कतारें क्यों लगी हुई है? क्यों एक-एक बैग खाद के लिए किसानों को इतना इंतजार करना पड़ रहा है। सच्चाई यह है कि सरकार ने समय रहते खाद का स्टॉक नहीं रखा। सरकार के पास एक लाख मिट्रिक टन का स्टॉक होना चाहिए था। लेकिन उसके पास सिर्फ 53000 मिट्रिक टन का ही स्टॉक था। यही वजह है कि बीजेपी राज में थानों के भीतर खाद बंटती है। भविष्य में यूरिया को लेकर भी सरकार की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही और आशंका है कि जब किसानों को यूरिया की जरूरत पड़ेगी, तब भी यही हाल होगा।

# अब काछवा के रायफॉर्म वासियों को मिलेगा स्वच्छ पानी: जगमोहन

## गांव के बुजुर्ग से करवाया पाइप लाइन के कार्य का शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अब गांव रॉयफार्म (काछवा) वासियों को स्वच्छ पानी मिलेगा। गांव में 57.11 लाख की लागत से पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस पाइपलाइन को बिछाने का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया। विधायक जगमोहन आनंद ने स्वयं पहुंचकर गांव वासी बुजुर्ग के हाथों इस कार्य का शिलान्यास करवाया विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 2400 मीटर की पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसमें 4 इंच के पाइप डाले जाएंगे। इस कार्य में कुल 57.11 लाख रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि गांव में करीब 40 साल पुरानी पाइप लाइन थी, जो करीब 9 फुट गहराई में चली गई थी। अकसर



गांववासियों द्वारा इसको लेकर शिकायत की जाती थी। इसके उपरांत यह पाइप लाइन बिछाने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य करीब 2 महीने में पूरा हो जाएगा। इसके उपरांत गांववासियों को स्वच्छ पानी मिलने लगेगा।

विधायक जगमोहन आनंद ने विधानसभा चुनाव में भरपूर समर्थन देने के लिए सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में बीते 10 वर्षों से करनाल के प्रत्येक क्षेत्र का विकास हुआ है,

**विकास**

**10 वर्षों से करनाल के प्रत्येक क्षेत्र का विकास हुआ है, इस विकास की बयार को रुकने नहीं दिया जायेगा**

इस विकास की बयार को रुकने नहीं दिया जायेगा।

गांव की बाकी सभी मांगों को शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। गांव के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। रॉयफार्म के गांववासियों ने कहा कि विधायक जगमोहन आनंद के प्रयासों से यह पाइप लाइन बिछाने के कार्य को मंजूरी मिली है।

इससे अब पूरे गांव को साफ पानी मिलेगा।

उन्होंने एक सुर में विधायक का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गांव में इस पाइपलाइन की अति आवश्यकता थी। विधायक ने तत्काल उनकी इस मांग को पूरा कर दिया है।

इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई विकास सिंगरोहा, एक्सईएन अभिषेक, एसडीओ विकास गुप्ता, जेई सुनील कटारिया, सरपंच प्रतिनिधि दीपक, पूर्व सरपंच बिट्टू, देवेंद्र गुज्जर पूंडरक, जोगिंद्र सिंह, सरदार मस्तान सिंह, सरदार जोगिंद्र सिंह, सरदार गुरदेव सिंह, सरदार बलदेव सिंह, सरदार बलबीर सिंह, सरदार मुल्तानी सिंह, सरदार गुरनाम सिंह, सरदार हरभजन सिंह सहित अन्य गांव वासी मौजूद रहे।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत, रात को काम से आ रहा था घर

**दुखद**

**हादसे के बाद रात को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद तालाब में जाल डालकर शव को बाहर निकाला**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के बड़ागांव के तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने हादसे का कारण प्रशासन की लापरवाही बताया है। हादसे के बाद रात को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद तालाब में जाल डालकर शव को बाहर निकाला।

मृतक की पहचान बड़ागांव निवासी 27 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है।,जो दिहाड़ी मजदूरी करके अपना गुजारा कर रहा था। ग्रामीण सोहन ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे जब सोनू पैदल घर आ रहा था तो अचानक उसका



पांव फिसल गया और वह सीधे तालाब में गिर गया।

ग्रामीणों ने बताया कि रात को यह हादसा हुआ तो सोनू ने काफी आवाज लगाई, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रस्सी की मदद से उसे बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। बाद में दो लोग सोनू को बचाने के लिए तालाब में भी कूदे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में ग्रामीणों ने रात को ही जोहड़ में जाल डालकर शव को बाहर निकाला।

ग्रामीणों ने बताया कि सोनू अविवाहित था, जो घर में अकेला रहता था। वह खुद ही खाना बनाता और खाता था। कुछ साल पहले ही उसके माता पिता की मौत हो चुकी है। लेकिन इस हादसे के बाद घर में कोई नहीं बचा।

ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब करीब 30 फुट गहरा है, लेकिन सड़क की साइड रोक के लिए ना तो रेलिंग की गई और न ही दीवार बनाई गई, जिस कारण हर रोज कोई न कोई हादसा होता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा नहीं है कि इस बारे में प्रशासन को नहीं बताया गया। कई बार शिकायत दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

थाना कुंजपुरा के जांच अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने रात को ही शव को कब्जे में ले लिया था। आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर जांच कर रही है।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव मनाया



टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )

**दिल्ली** वर्ल्ड स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से मनाई गुरुनानक जयंती- शिक्षा की गुणवत्ता में नवीन आयाम छू रहे दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में गुरु नानक की जयंती के शुभावसर पर विद्यालय के ऑडिटोरियम में वायु ध्वज सदन के निर्देशन में नौवीं कक्षा के छात्रगण द्वारा आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों ने गुरु नानक द्वारा रचित गुरबाणी और विशेष प्रार्थना हृदय ओंकारह से की। इसके बाद विद्यार्थियों ने गुरु नानक के जीवन पर आधारित सुविचार प्रस्तुत किए और एक शानदार भाषण के माध्यम से उनके जीवन के महान पहलुओं को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकगण के साथ ह्रासतबानीह गीत गाया, जिससे वातावरण में भक्ति का संचार

**पर्व**

**आत्मसात करना चाहिए और हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलकर संपूर्ण प्राणी मात्र का भला करते हुए**

हुआ, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु नानक एक महान संत थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए ही सिख संप्रदाय की स्थापना की। वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा ने बताया कि गुरुनानक वास्तव में एक सच्चे गुरु थे। हमें उनके जीवन व शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलकर संपूर्ण प्राणी मात्र का भला करते हुए, परोपकारी बनना चाहिए।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक के सिर से उतरा टायर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के पिंगली मोड़ पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी दी, जिसके बाद बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। इस दौरान एक युवक के सिर को कुचलते हुए ट्रक आगे बढ़ गया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक की पहचान गांव बुढनपुर निवासी 22 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है, जो दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। आज दोपहर करीब डेढ़ बजे



वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर पीछे बैठकर गांव से करनाल किसी काम के लिए आ आया था। करनाल आते समय जब वह पिंगली मोड पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और राहुल ट्रक की साइड गिर गया, जबकि उसका दोस्त दूसरी तरफ गिरा। इसी दौरान ट्रक ड्राइवर राहुल के सिर के ऊपर से पहिया चढ़ाते आगे

**दर्दनाक हादसा**

**जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है**

बढ़ गया। इस हादसे में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।,जबकि उसके दोस्त को भी गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

सूचना के बाद रामनगर थाना से मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी टेक चंद ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# बंटेंगे तो कटेंगे के नारे से हुई विपक्षी दलों की नींद हराम : डा. अशोक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने कहा कि जब से यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया है जो कि व्यवहारिक रूप से सही भी है तभी से विपक्षी दलों की नींद हराम हो गई है। आजकल यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे तो कटेंगे गूंज रहा है और यह नारा समाज को अलर्ट करने वाला है कि बंटना गलत होगा। उन्होंने कहा कि आये दिन विपक्षी दलों के नेता इसका जवाब यानि तोड़ ढूंढ रहे हैं, क्योंकि वह नहीं चाहते कि इस नारे से प्रभावित



होकर लोग आपस में संगठित हों, क्योंकि उनको पता है कि लोगों के एकजुट होने से उनकी राजनीति फेल हो जाएगी। इतिहास रहा है कि विपक्षी दलों विशेष कर कांग्रेस ने लोगों को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया है।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आज गाँव राठधना, सोनीपत में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे फ्यूचर कब्बड्डी एकेडमी के युवाओं ने सहभगिता की। कार्यक्रम में युवाओं ने सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। व साथ ही उनके जीवन व्रतांत पर युवाओं को बताया कि किस तरह एक आदिवासी से महान क्रांतिकारी बने उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसिडेंसी ( अब झारखंड) में हुऐ एक आदिवासी



धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया,जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गये।भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं।और धरतीबा के नाम से भी जाना जाता हैं कार्यक्रम में एक रैली का भी आयोजन किया गया। और दादा भैया के स्थान पर युवाओं के द्वारा पौधरोपण भी किया गया इस दौरान अंकित कोच, अमर सिंह ,अजय,वंश गौरव,साहिल,दक्ष,आर्यन इत्यादि मौजूद रहे।

# स्वच्छता टीम ने बुड्ढा खेड़ा चौक पर किया गंदगी का सफाया

**समस्या**

**टीम का नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बुलंद हौसलों के सामने कोई समस्या नहीं टिकती और अगर ठान लिया जाए तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता। इसी सोच को लेकर स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने गुरु पर्व के अवसर पर वार्ड 2 में बुड्ढा खेड़ा चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया।

टीम का नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया। उनके साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, भाजपा नेता और नगर निगम की टीम ने दो घंटे तक क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर गंदगी का सफाया कर दिया।

स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयंसेवकों ने कुछ समय में ही ऐसे स्थान को पूरी तरह चमका दिया, जहां झाड़ियों, गोबर और गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ था। सुबह सवेरे क्षेत्र में इतने लोगों को



देखकर पहले तो कॉलोनीवासी हैरान हुए, लेकिन जब उन्होंने देखा कि यह लोग उनके क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के लिए आए हैं तो वह भी टीम के साथ जुड़ गए और गुरुद्वारे से लेकर कलंदर पीर तक क्षेत्र को गंदगी मुक्त कर दिया। सुभाष चंद्र ने कहा कि आज गुरु नानक जी का प्रकाश पर्व है और यह दिन हमारे लिए बहुत विशेष है, क्योंकि गुरु नानक देव जी आज के दिन इस धरती पर मानवता की भलाई के लिए अवतरित हुए थे। गुरु नानक जी ने हमेशा लोगों को अपने अंदर और बाहर दोनों तरह की गंदगी को मिटाने के साथ समाज सेवा का संदेश दिया। आज हमें उनके दिखाए मार्ग पर आगे चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम सब ठान लें तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। जब तक हम समस्या की अनदेखी करते रहेंगे तो समस्या और बड़ी होती जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हमारी टीम ने जो संदेश दिया है वह केवल प्रतीकात्मक है। बाकी दिन क्षेत्र के लोगों को स्वयं ही यहां साफ सफाई रखनी पड़ेगी।

इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, मण्डल अध्यक्ष सुनील गुप्ता और स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। हमें भी इस कार्य में सहयोग करना चाहिए। गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने की आदत डालें। उन्होंने नागरिकों से कूड़ा उचित स्थान पर डालने, अपने क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखने और पालीथिन का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही।

# प्रकृति की गोद में ही है सच्चा सुख: सुनील मल्होत्रा

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत (कमाल हुसैन )

महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. संजय राजपाल के नेतृत्व में आयुष विंग सिविल अस्पताल पानीपत में 14 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस एवं पांच दिवसीय निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयुष विभाग पानीपत में किया गया। इस निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में मरीजों को प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी एवं उपचार की विधि दिखाई गई।



शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. संजय राजपाल एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. सुनील मल्होत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर सुनील मल्होत्रा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा किसी विशेष रोग का उपचार नहीं है प्राकृतिक चिकित्सा एक पूरक चिकित्सा होती है जिसका प्रयोग चिकित्सा और उपचारात्मक तकनीक के साथ किया जाता है। उन्होंने बताया कि जीवन में कई बार ऐसी स्थिति आती है जब हमें अपने शरीर की देखभाल के लिए थोड़ी अतिरिक्त मदद की जरूरत

**उपचार**

**प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में मरीजों को प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी एवं उपचार की विधि दिखाई गई**

होती है यहीं पर पांच तत्व पृथ्वी, जल, वायु अग्नि और आकाश काम आते हैं। जब यह पंच तत्व संतुलन में होते हैं तो वह आपके शरीर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने में आपकी मदद करते हैं इसी को प्राकृतिक चिकित्सा कहते हैं । शिविर में मिट्टी पट्टी, स्टीम बाथ व षट्कर्म विधि द्वारा मरीजों को उपचार प्रक्रिया दिखाई गई। इस निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में योग की सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया गया।

इस निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में आमजन ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं शुगर के मरीजों को पेट पर मिट्टी पट्टी भी की गई । शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक महिपाल बंसल ने बताया कि 16 एवं 18 नवंबर को भी आयुष विंग में इसी तरह के सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 19 एवं 20 नवम्बर को सोम वैलनेस सैंटर खादी आश्रम में भी शिविर लगाया जाएगा।

# नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित हुए न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई : इरम हसन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई को नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनित किया गया है। उन्होंने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा की उप-धारा 2 के खंड बी द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत यह नियुक्ति की गई है। यह 11 नवंबर से प्रभावी है। इससे पहले न्यायमूर्ति बीआर गवई सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसिज कमेटी के अध्यक्ष थे। उन्होंने बताया कि



कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई पूरे भारत में सभी नागरिकों, विशेष रूप से समाज के हाशिए पर रहने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को सुलभ और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के

**नियुक्ति**

**राष्ट्रपति द्वारा धारा की उप-धारा 2 के खंड बी द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत यह नियुक्ति की गई है**

नालसा के मिशन का नेतृत्व करेंगे। उनके नेतृत्व से अनुच्छेद 39-ए के संवैधानिक जनादेश को बनाए रखने के लिए नालसा की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने की उम्मीद है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वित्तीय या सामाजिक बाधाओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित नहीं किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने बैठक लेकर सुरक्षा संबंधित दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) पानीपत

जिला के गांव भोड़वाल माजरी स्थित संत निरंकारी समागम स्थल पर 16 से 19 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 77वें समागम समारोह के मध्यनजर सुरक्षा व्यवस्थों को लेकर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने वीरवार 14 नवम्बर को निरंकारी संस्था के कार्डिनेटर्स व पुलिस अधिकारियों की समागम स्थल पर बैठक लेकर सुरक्षा के संबंध में विशेष रूप से सावधानी बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि समागम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समागम में व्यवस्था बनाए रखने में तैनात पुलिस अधिकारी व कार्डिनेटर्स एक दूसरे के साथ मेल जोल बनाकर रखें। समागम स्थल के प्रवेश द्वार पर मुस्तेदी के साथ गहनता



से चेकिंग करें। स्थल पर सभी पुलिसकर्मी व कार्डिनेटर्स आईकार्ड लगाकर रखें।

भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन व जीटी रोड स्थित फुट ओवर ब्रिज पर क्षमता से ज्यादा संख्या में श्रद्धालुओं को एक साथ प्रवेश न करने दें। सुरक्षा के सभी मानकों की पालना करें। समागम स्थल पर संस्था की ओर बनाए गए कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखें।

उन्होंने कहा कि जिला पुलिस की ओर से समागम स्थल सहित आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किये गए है। जिस भी अधिकारी कर्मचारी या वालिंटियर्स की समागम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में ड्यूटी लगी है, वे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएं। सभी का व्यवहार सोम्य हो। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि संत निरंकारी समागम स्थल पर 1 हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे। इनमें 30 इंस्पेक्टर व 8 डीएसपी का नेतृत्व रहेगा।

के साथ साथ सिविल पोशाक में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस की 4 जिप्सी पर एलएमजी मशीनगन लगा दी गई है। 49 मोर्चों

**सुरक्षा संबंध**

**पीसीआर व 9 राइडर निरंतर गश्त पर रहेंगी। 4 ब्लाक में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है**

पर बनाए गए है और प्रत्येक पर 2 जवान हथियार व दूरबीन से लैस तैनात रहेंगे।

5 पीसीआर व 9 राइडर निरंतर गश्त पर रहेंगी। 4 ब्लाक में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वाहनों के लिए 5 पार्किंग बनाई गई है। इसके साथ ही समागम स्थल पर बनाए गए कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

## संपादकीय

# जनजातीय गौरव को बढ़ावा देने में अग्रणी मध्य प्रदेश

**जनजातीय** गौरव को बढ़ाने के साथ जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। विगत 20 वर्षों में जनजातीय योजनाओं का बजट 1000 प्रतिशत बढ़ा है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पेसा कानून को लागू किया गया है। मध्य प्रदेश की सरकार ने जनजातीय नायकों का गौरव बढ़ाने के लिए उनसे जुड़े स्मारकों का आगे बढ़कर विकास किया है। राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह, रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, टंट्या मामा और भीमा नायक से लेकर कई नायकों के योगदान से लोगों को परिचित कराने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मंडला के मेडिकल कॉलेज का नाम बलिदानी हृदयशाह के नाम पर किया गया। वहीं, छिंडवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन किया गया। जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से रानी दुर्गावती स्मारक को विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के बजट का अध्ययन करें तो ध्यान आएगा कि 2003-04 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 746.60 करोड़ रुपये था। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को बजट की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भाजपा सरकार ने सबसे पहला काम यही किया कि जनजातीय कार्य विभाग के बजट में लगातार बढ़ोतरी की। वर्ष 2003-04 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 1000 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,768 करोड़ रुपये का हो गया है। इस बजट का उपयोग जनजातीय वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, रोजगार एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ विकास कार्यों को गति देने में किया गया है। विद्यार्थियों को शिक्षा के समुचित अवसर एवं आर्थिक सहयोग के साथ ही सरकार की ओर से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। कम्प्युटर कौशल सिखाने के साथ जनजातीय युवाओं को पुलिस और सेना में भर्ती का प्रशिक्षण देने का काम भी मध्य प्रदेश में किया जा रहा है। जनजातीय वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए आहार अनुदान योजना, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार ग्राम, देवारण?य, अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020, मिलेट मिशन, प्रधानमंत्री वन-धन योजना, आकांक्षा योजना, प्रतिभा योजना, आवास सहायता योजना, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति, प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग एवं प्रोत्साहन तथा जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई टैगिंग जैसे कदम मध्य प्रदेश में उठाए गए हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे को आदिवासी दिवस कहकर भारत में बढ़ावा दिया, जबकि इस दिन का भारत और जनजातीय गौरव के साथ कोई संबंध नहीं है। वास्तव में यह तो दुःखद त्रासदी की शुरूआत का दिन है। ब्रिटिश सेना ने अमेरिका के मूल निवासियों का नरसंहार किया। बाद में, उसके अपराध बोध से मुक्त होने के लिए वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपुल्स डे के रूप में 9 अगस्त को चुना गया। यहाँ यह भी ध्यान रखें कि वैश्विक षड्यंत्र के अंतर्गत ही वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे का अनुवाद विश्व आदिवासी दिवस के रूप में किया गया है।

# गाँवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लागू करने में बाधाएँ



**प्रियंका सौरभ**

"प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65% से ज्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा: ज्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8% से ज्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों की 23% कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है"

**ग्रामीण** भारत में स्वास्थ्य सेवा एक निरंतर संघर्ष है। लाखों लोग चिकित्सा देखभाल तक सीमित पहुँच के साथ रहते हैं, न केवल स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की अनुपस्थिति का सामना करते हैं, बल्कि पुराने बुनियादी ढांचे के बोझ का भी सामना करते हैं। ये केवल चुनौतियाँ नहीं हैं-ये देरी से होने वाले उपचार और रोकथाम योग्य बीमारियों के पीछे के कारण हैं जो जीवन पर भारी पड़ रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65% से ज्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपर्याप्त बुनियादी ढाँचाः ज्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8% से ज्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों की 23% कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्रभावित होती है।

उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के 40% से ज्यादा गाँवों में नजदीकी स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक पहुँच नहीं है। कम साक्षरता स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का कम उपयोग होता है। बिहार जैसे राज्यों में कम जागरूकता के कारण टीकाकरण दर कम बनी हुई है। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1.3% स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करता है (आर्थिक सर्वेक्षण 2023) , जो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपर्याप्त है। पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेलीमेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेलीकंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है।



"मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ"

मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ. मरीजों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं-हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। "कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में, ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर खुद का ख़्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज.में डूब जाते हैं।" ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को सरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो और विशेषज्ञों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली भारी नैदानिक ज़िम्मेदारियों का प्रबंधन करना, ये सभी बाधाएँ हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। एआई टेलीमेडिसिन परामर्शों को अनुकूलित करके, उपलब्धता के आधार पर मामलों को सही केंद्रों तक पहुँचाकर और एक जिला-व्यापी, एआई-सक्षम, हब-एंड-स्पोक मॉडल का समर्थन करके इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है जो नियुक्ति संतुष्टि दरों में सुधार कर सकता। इसके अलावा, एआई की क्षमता ऑडिटिंग और धोखाधड़ी नियंत्रण तंत्र में सुधार तक फैली हुई है, जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) जैसे कार्यक्रमों में संसाधन रिसाव को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करके कि संसाधनों का प्रभावी और नैतिक रूप से उपयोग किया जाता है, एआई ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणालियों की समग्र अखंडता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने और ग्रामीण स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक है। केंद्रित बुनियादी ढांचे का विकास, कार्यबल प्रोत्साहन और डिजिटल नवाचार मौजूदा अंतराल को पाट सकते हैं, जिससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकती है।

## कविता

अब नई इस गजल में बहर
आई।

न तू आई ना तेरें बारे खबर आई।
महकती तेरी सांसे तरबतर आई।

महकते ख्वाबों को कौन रोक सकता
यादें तेरी यूं मेरे जेहन में जबर आई।

तुझसा तेरा ख्याल भी है बेहद नाजुक
आने की तेरे तेरी सांसों से खबर आई।

लगा तुझ से मिले तो सदियां गुजर गई
लचकती कलियों में चुपके से नजर
आई।

मुझसे मिलने और बिछड़ने के बीच,
इश्क की अब तेरे दिल से लहर आई।

तेरा ख्याल हवा में तैरता है यूँ ही,
अब नई इस गजल में बहर आई।

संजीव
---------

# अराजकता से दिगभ्रमित लोकतांत्रिक आस्थाएं

**संजीव**

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है' देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।विचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है।

## विचार

# क्यों दूर रहे उपचुनाव से सिंधिया और

**पवन वर्मा**

**मध्यप्रदेश** की राजनीति में ज्योतिरादित्य सिंधिया और कमलनाथ काफी कद्दावर नेता माने जाते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले कांग्रेस में थे फिर वे भाजपा में आ गए और वर्तमान में वे केंद्र सरकार में मंत्री हैं। केंद्र में मंत्री होने के बाद भी वे मध्यप्रदेश की राजनीति में अप्रसांगिक नहीं है।यहां उनका रुतबा और दबदबा दोनों बरकरार है। वहीं कई बार केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कमलनाथ के कद का तो मध्यप्रदेश कांग्रेस में आज कोई नेता है ही नहीं। ऐसे में हाल ही में हुए विधानसभा के उपचुनावों से इन दोनों नेताओं की अनुपस्थिति प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बन गई है।। प्रदेश में संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है जब ये दो दिग्गज नेता चुनाव प्रचार से नदारद रहे।

मध्य प्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर को मतदान हुआ है। इसमें एक क्षेत्र केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव वाले ग्वालियर-चंबल में है, जबकि दूसरा विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रभाव क्षेत्र का है। शिवराज सिंह चौहान ने तो अपने दबदबे वाले क्षेत्र में जमकर प्रचार किया यहां तक कि उनके पुत्र कार्तिकेय चौहान ने भी भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार किया लेकिन दूसरे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने को उपचुनाव के प्रचार से दूर रखा। अब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरशोर से चल रही है कि आखिर भाजपा और कांग्रेस में ऐसा क्या हुआ कि दोनों ही दल के प्रमुख नेताओं में शामिल सिंधिया और कमलनाथ ने इन उपचुनावों में प्रचार से दूरी बना ली।

**सिंधिया और रावत की दूरियां**

लोकसभा चुनाव के दौरान विजयपुर से कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए थे। बाद में उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दिया। उनके इस्तीफा देने से विजयपुर सीट रिक्त हुई और इस पर उपचुनाव हुआ। इस बार रावत को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया। रामनिवास रावत, सिंधिया राजघराने के करीबी माने जाते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया के वे करीबी थे। माधवराव सिंधिया के निधन के बाद वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के नजदीक हो गए। कांग्रेस में राम निवास रावत को हमेशा से सिंधिया गुट का ही माना गया। वर्ष 2018 में रामनिवास रावत को कांग्रेस ने मध्य प्रदेश कांग्रेस का कार्यवाहक अध्यक्ष बना दिया। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में रामनिवास रावत विजयपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थे, लेकिन वे चुनाव हार गए थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश में कमलनाथ की सरकार बनी और सवा साल बाद 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इस कथा का क्षेपक यह रहा कि हमेशा सिंधिया के साथ रहने वाले रावत सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल नहीं हुए। इसके बाद वर्ष 2023 में रावत फिर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और विधायक बन गए। इसके बाद अचानक उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। इन पांच सालों में घटनाक्रम तेजी से बदलता रहा और रामनिवास रावत तथा ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच दूरियां तेजी से बढ़ती गई, जिसका नतीजा यह हुआ कि रावत के भाजपा में आने के बाद भी सिंधिया उनके चुनाव में प्रचार के लिए विजयपुर नहीं आए। हालांकि सिंधिया से दूरी होने के बाद रावत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करीबी हो गए। इसके चलते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें न सिर्फ अपने मंत्रिमंडल ने शामिल किया, बल्कि उन्हें वन विभाग जैसा महत्वपूर्ण विभाग भी दिया। यह विभाग भाजपा के एक आदिवासी वर्ग से आने वाले मंत्री नागर सिंह चौहान के पास था। उनसे यह विभाग वापस लिया गया और रामनिवास रावत को यह अहम विभाग दिया गया। इन सबमें खास बात यह भी रही कि रावत को मंत्री तब बनाया गया जब वे विधायक भी नहीं थे।विजयपुर उपचुनाव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रतिष्ठा इसलिए भी दांव पर लगी हुई हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ग्रामीण युवा भारत के डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

**केंद्र की** भाजपा सरकार के साथ-साथ भाजपा शासित राज्य और एनडीए सरकारें ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। हमारा देश लगभग 6 लाख गांवों से बना है। कांग्रेस के शासनकाल में सामाजिक और आर्थिक विकास के मामले में उनकी अनदेखी की गई। कांग्रेस के शासन के दौरान वे तकनीकी उन्नति के मामले में पीछे रह गए। मोदी सरकार ने सभी क्षेत्रों में ग्राम विकास के लिए 360 डिग्री का दृष्टिकोण अपनाया है। ग्रामीण युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कार्य है। "देश के युवा" भारत के भविष्य के पथ प्रदर्शक हैं, जो अपने उत्साह और आविष्कारशीलता के साथ अमृत काल के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। जैसे-जैसे देश डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहा है, इस विस्तार का उद्देश्य न केवल कई क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाना है, बल्कि एक ऐसी दुनिया बनाना है जिसमें प्रौद्योगिकी व्यक्तियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए सशक्त बनाती है।

डिजिटलीकरण के उदय ने नई संभावनाओं को जन्म दिया है, जिससे लाखों लोगों को पहले अप्राप्य अवसरों को भुनाने का मौका मिला है। इस वर्ष के विकास को पूर्ण वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (जुलाई 2022-जून 2023) में शामिल किया गया है, विशेष रूप से यह कि किस प्रकार ग्रामीण युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं, डिजिटल उपकरणों को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत कर रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में अंतर को पाट रहे हैं।

**ग्रामीण भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग**

ग्रामीण भारत में जबरदस्त बदलाव हो रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं और डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। मोबाइल प्रौद्योगिकी अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और अधिक से अधिक ग्रामीण युवा अपनी दिनचर्या में डिजिटल उपकरणों को अपना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15-24 वर्ष के 95.7% युवाओं के पास मोबाइल फोन की सुविधा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 97% है। 4जी ग्रामीण आबादी के 99.5% लोगों को कवर करता है। शहरी क्षेत्रों में, 99.8% आबादी के पास 4जी नेटवर्क की सुविधा है।

# हे पार्थ! उठ और अपना ठीकरा फोड़!

**रामविलास जांगिड़**

**ठीकरा फो**ड़ना हमारी सांस्कृतिक धरोहर में एक ऐसी परंपरा है जिसमें हम दूसरों को अपनी गलतियों का जिम्मेदार ठहराने में महारत हासिल कर लेते हैं। भारत में ठीकरा फोड़ना सिर्फ एक मुहावरा नहीं बल्कि एक संजीवनी है, जो रोजमर्रा की परेशानियों और कठिनाइयों को चुटकियों में दूर करने की सुविधा देती है। चाहे वह प्रदूषण का मुद्दा हो या फिर चुनावी वादों का, ठीकरा फोड़ने की यह कला जीवन में हर क्षेत्र में काम आती है। चुनाव के मौसम में ठीकरा फोड़ना बिल्कुल अनिवार्य होता है। हर नेता अपने वादों को पूरा न कर पाने का ठीकरा पिछले शासन पर मढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ता। जनता पूछे कि "आपने इतने वादे किए थे, महंगाई कम होगी, बेरोजगारी घटेगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ?" तो नेता का सहज जवाब होगा- "देखिए, पिछली सरकार ने देश को कर्ज.में डुबो दिया था, हम तो उसी से उबर रहे हैं।" जब चुनाव में जीत न हो पाए, तब भी ठीकरा फोड़ने का शास्त्र तुरंत लागू हो जाता है। अगर हार का कारण पूछें, तो जवाब मिलेगा - "विपक्ष ने हमें गंदा प्रचार करके हराया है," या "चुनाव आयोग ने निष्पक्षता नहीं दिखाई!" चुनावों में इस कला का अभ्यास बखूबी होता है। हर पार्टी अपने विरोधियों पर ठीकरा फोड़कर मन हल्का कर लेती है। अगर कोई कह दे कि प्रदूषण के कारण हमारे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, तो तुरंत ठीकरा पड़ोसी देश पर मढ़ दिया जाता है। "ये प्रदूषण तो पाकिस्तान से आ रहा है! इजरायल इराक की लड़ाई का असर है। उन्होंने जानबूझकर मिसाइलें चलाकर हमारे शहर की हवा खराब कर दी है।" ठीकरा फोड़ने का यह अद्भुत वैज्ञानिक प्रयोग बिना किसी वैज्ञानिक आधार के, पूर्ण प्रभाव से काम कर जाता है। पर्यावरण प्रदूषण का ठीकरा फोड़ने के मामले में तो हम वाकई नायाब हैं। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाए कि लोगों की आंखों से आंसू बहने लगें, तो भी ठीकरा अपनी गलती पर नहीं जाएगा। बल्कि सबसे पहले तो ठीकरा पड़ोसी राज्यों पर फोड़ा जाएगा। "हमारे तो कारखाने बहुत कम हैं, ये तो सब उन किसानों का दोष है जो पराली जलाते हैं।"

## न्यूज फ्लैश

### धर्म का प्रचार करने के साथ संस्कृति का संवर्धन करना ही साधु का लक्ष्य: मानवी जी



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जैन साध्वी विदुषी श्री मानवी जी महाराज ने कहा है कि साधु जीवन का टारगेट जन-जन तक धर्म का प्रचार करने के साथ संस्कृति की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि साधु प्रवाहित होने वाली धारा के समान है। चार मासह के लिए साधु और साध्वी की दिशाएं बंध जाती हैं। साधु का परिवार सारा संसार है। लालच सभी दुखों का मूल होता है। कर्म हमेशा निरपेक्ष भाव से करना चाहिए। जो भी अपेक्षा रखते हैं, वह हमेशा दुखी रहते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में सभी जीवों को समान माना गया है। हमें जीव हिंसा से बचना चाहिए। वह आज करनाल के हनुमान गली स्थित जैन स्थानक में प्रवचन कर रही थी। चार माह बारह दिन की उनकी चातुर्मास की अवधि रही। आज जैन साध्वी को विदाई दी गई। इस अवसर पर जैन साध्वी मानवी जी महाराज, सोनाक्षी जी तथा दीक्षी जी महाराज को मान की चादर से सम्मानित किया गया। उनके प्रति उपस्थितजनों ने अपने भाव प्रस्तुत किए। पिछले चार माह से लगातार जैन स्थानक में जैन परमेष्ठी महामंत्र णमोकार मंत्र का जाप चल रहा है। जैन साध्वी मानवी जी महाराज के चातुर्मास का आज अंतिम दिन था। वह 16 नवंबर को यहां से विहार कर आज का अखंड जाप राजीश जैन तथा उनके परिवार ने करवाया। सैक्टर-14 स्थित जैन स्थानक पहुंचेंगी। जैन साध्वी जी ने कहा कि जैन परमेष्ठी महामंत्र केवल एकमात्र महामंत्र है, जो प्राकृत भाषा में लिखा गया है। यह आदि मंत्र है। इसमें सभी को नमन किया गया है। यह कष्ट नाशक महामंत्र है। कार्यक्रम का संचालन स्थानक के महामंत्री नवीन जैन ने किया। उन्होंने कहा कि धर्म की प्रभावना हो रही है। पिछले चार सालों से करनाल धर्मनगरी बना हुआ है। इस अवसर पर प्रधान अशोक जैन, सतीश जैन, प्रदीप जैन, नवरन जैन, एसके जैन, सौरभ जैन, कृष्ण जैन विनोद कुमार जैन, इंदर जैन रमन जैन, संजय जैन, गुलशन गुलाटी, अतुल कोहली, ईश्वर जैन, प्रेम जैन, राजीव जैन, कृष्ण जैन, अनिल जैन, महेंद्र जैन, कर्मवीर चौहान, प्रवीण जैन, जयपाल जैन, सुनील जैन, सुनीता जैन, निशा जैन, नीतू जैन, सरिता जैन, सुमन जैन, रानी जैन, गौतम जैन, रेनू जैन, गौतम जैन, नीतू गुलाटी, मंजू, राज जैन, राजन जैन, सुनील जैन, चित्रा सहित तमाम जैन धमालु मौजूद रहे।

### सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पोलावा। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गुंजायमान हो रहे थे। कथा वाचक अपनी वाणी व रागी ढाडी जत्थे अपने कीर्तन से गुरु की महिमा का जो बखान कर रहे थे, उसे गुरु घर में पहुंची संगत आस्था के समंदर में गोते लगा रही थी। गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में ऐसा ही नजारा था, जहां हजारों की तादाद में संगत माथा टेकने को उमड़ी। संगत ने जोड़ा घर, लंगर व बर्तन की सेवा की। डेरा कारसेवा में पंथ प्रचारक जात्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। गुरुद्वारे में संगत माथा टेकने के लिए उमड़ी। डेरा कार सेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक जत्थेदार सुक्खा सिंह ने गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के अवसर पर सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की शुभ कामनाएं दीं। डेरा कार सेवा में सुबह से ही संगत माथा टेकने उमड़ने लगी थी। हालांकि गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह सिलसिला पूरे सालभर चलने वाला है। वहीं, लंगर में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह सिलसिला देर रात तक चला। रात को भी गुरु घर में गुरग्रंथ साहिब के शब्दों का कीर्तन हुआ। दीवान सजाये गए। सिरोपा देकर प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि गुरुपर्व के अवसर पर आयोजित गुरमति समागम में दरबार साहेब अमृतसर के हजूरी रागी नरिंदर सिंह, भाई गुरप्रीत सिंह पौंटा साहेब वाले गुरुद्वारा मंजी साहेब के हेडग्रंथी भाई अमृत पाल सिंह, हजूरी रागी भाई बलविंदर सिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर भाई मंजूर सिंह और गुरप्रीत सिंह नितनेम तथा पाठ सीरिस किया। भाई सुवा सिंह स्टेज सैक्रेटी के दायित्व के साथ गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल के बच्चे गुरवाणी का पाठ किया।

# चार ब्लॉक में बने लंगर ग्राउंड में प्रतिदिन लाखों लोग कर रहे प्रसाद ग्रहण

### मोबाइल की बेहत्तर कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न मोबाइल टावरों को किया जा रहा शुरू

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )
**धन** निरंकार महापुरुषों के सम्बोधन के साथ 77वें सन्त निरंकारी समागम में सेवादार वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत कर रहे हैं। समागम में संगत को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए हर तरह का ध्यान रखा जा रहा है। समागम स्थल पर बनाए गए चार ब्लॉक में के लंगर स्थलों पर लाखों लोगों प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही लाखों लोगों को अपनों से सम्पर्क करने में किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए विभिन्न कंपनियों के मोबाइल टावर तो लगाए गए हैं और मोबाइल चार्जिंग के हजारों प्वाइंट जगह-जगह बनाए गए हैं।
उल्लेखनीय है कि 77वें सन्त निरंकारी समागम की शुरुआत कल 16 नवम्बर से होनी है और यह



18 नवम्बर तक चलेगा। समागम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण मे हैं और यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए हजारों सेवादार लगातार सेवारत हैं।
समागम स्थल के 4 ब्लॉक में बनाए गए लंगर स्थल- निरंकारी मिशन द्वारा पूरा ख्याल रखा गया है कि सेवादारों और समागम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की तनिक भी परेशानी ना हो। समागम स्थल का चार ब्लॉक ए, बी, सी और डी में बांटा गया है और हर ब्लॉक में श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। इसमें ए ब्लॉक मुख्य सेलिब्रेशन ग्राउंड है यहां भी लंगर की व्यवस्था है। जबकि तो डी ब्लॉक सबसे बड़ा रेजिडेंशियल ब्लॉक है। डी ब्लॉक

#### गुरुपर्व

**अतिरिक्त चपाती (रोटी) बनाने के लिए 16 तवे मुख्य लंगर ग्राउंड में हैं दो अन्य जगहों पर 6-6 तवे हैं**

में लंगर के लिए 16 बड़े-बड़े कड़ाए लगाए गए हैं। इनमें एक कड़ाए में 3 क्विंटल दाल और तकरीबन इतने ही चावल एक बार में बनाए जा सकते हैं। प्रतिदिन यहां पर अभी समागम शुरू होने से पहले 90-100 क्विंटल चावल, 70-80 क्विंटल दाल लंगर के लिए बनाई जा रही है और समागम के समय ये बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त चपाती (रोटी) बनाने के लिए 16 तवे मुख्य लंगर ग्राउंड में हैं दो अन्य जगहों पर 6-6 तवे हैं।

### छोटे से बुजुर्ग हर सेवादार हाथ जोड़ कर रहे सेवा



टीम एक्शन इंडिया
**समालखा:** समागम को लेकर सेवादार पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटियां निभा रहे हैं। चाहे वह वहां पहुंचने वाली संगत को उनके क्षेत्र के बने पांडालों में ले जाने की हो या फिर भूले को रास्ता दिखाने की हो। छोटे से लेकर बुजुर्ग तक हर सेवादार निस्वार्थ भाव से धूप हो या छांव हाथ जोड़ नम्रता सेवा में लगा हुआ है। वहीं महिलाएं, बच्चे पंडाल के अंदर बिछाए गए मैट (कालीन) को सुए और प्लास्टिक की रस्सी से सी रही है ताकि प्रदर्शनी व अन्य स्टॉल में आने वाले श्रद्धालुओं के पैरों में किसी तरह की परेशानी ना हो।
समागम शनिवार को शुरू होना है और निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर समूह के समूह में हजारों लोग आध्यात्मिक स्थल पर पहुंच रहे हैं। समागम स्थल के नजदीक बने गांव भोड़वाल माजरी के रेलवे स्टेशन पर संगत का पहुंचने का नजारा तथा सेवादारों द्वारा उनका अभिनंदन तथा

#### सेवा

**महिलाएं, बच्चे पंडाल के अंदर बिछाए गए मैट (कालीन) को सुए और प्लास्टिक की रस्सी से सी रही है**

मार्गदर्शन किया जा रहा है। मेल व एक्सप्रैस ट्रेनों के ठहराव होने के कारण अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में थी।

### उपायुक्त की अपील, लोग अवैध कालोनियों में न खरीदें प्लाट

**झज्जर।** जिला उपायुक्त प्रदीप दहिया ने जिलावासियों को अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदने की सलाह देते हुए कहा कि अवैध क्षेत्र में सक्रिय भू-माफिया से सतर्क रहने की जरूरत है। अन्यथा इन कॉलोनियों में भूखंड खरीदने वालों को हानि उठानी पड़ सकती है। डीसी दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि बहादुरगढ़ शहरी क्षेत्र के बालौर गांव में कुछ भू-माफिया अवैध कॉलोनी काट रहे हैं। जिला प्रशासन अवैध कॉलोनियों को गिराने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है। डीसी ने कहा कि नागरिक अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीद कर अपनी गाढ़ी कमाई को व्यर्थ न करें।

# संजय अरोड़ा ने साझा किये अपने अनुभव

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आज प्रसिद्ध फिल्म निर्माता संजय अरोड़ा पधारे और यहां ब्रह्मचारियों के साथ फिल्म मेकिंग से जुड़े अनुभव सांझा किये। इस दौरान विद्यार्थियों ने फिल्म मेकिंग से जुड़े अनेक सवाल पूछे जिनका उन्होंने बड़ी सहजता से उत्तर देकर छात्रों की जिज्ञासा को शान्त किया। इस विशेष सत्र में उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया जिनकी रूचि कला, साहित्य और फिल्मों में है जिसमें 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस सत्र के दौरान फिल्म मेकिंग में केरियर बनाने से लेकर, स्ट्रगल और सपोर्ट पर विस्तृत चर्चा हुई।



मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने फिल्म निर्माता अरोड़ा से देश में फैल रहे पाखण्ड, अंधविश्वास जैसे मुद्दे पर फिल्म बनाकर समाज में एक जागृति लाने का आग्रह किया। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने संजय अरोड़ा को ओ३म का स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया।
निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने संजीव अरोड़ा का

#### विचार

**वन्स अपॉन ए टाइम लाहौर, दो खेत का निर्माण किया। उनकी अपकमिंग मूवी कावेरी ह**

परिचय देते हुए न्यूयॉर्क में उनके द्वारा चलाए जा रहे प्रोडक्शन हाउस और उनकी जर्नी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बटरफ्लाई विंग्स उनकी पहली मूवी थी जिसके बाद वन्स अपॉन ए टाइम लाहौर, दो खेत का निर्माण किया। उनकी अपकमिंग मूवी कावेरी है जिसके लिए अभी कास्टिंग चल रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिले के कस्बा नीलोखेड़ी क्षेत्र में एक युवक से विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। बराना खालसा निवासी राहुल ने आरोप लगाया कि नीलोखेड़ी में रहने वाले दो व्यक्ति, रमन और महेश ने यूके का वीजा दिलवाने का झांसा देकर यह रकम ऐंठी है। राहुल ने बताया कि महेश और रमन ने खुद को वीजा एजेंट बताया और भरोसा दिलाया कि वे उसे और उसकी पत्नी को यूके का कपल वीजा दिलवा देंगे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर बुटाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पहले उसने रमन के बैंक खाते में 7 लाख और महेश के खाते में 8 लाख रुपए अपने पिता कृष्ण लाल के खाते से ट्रांसफर किए। इसके बाद दोनों व्यक्तियों ने उसे कहा कि जनवरी और फरवरी का समय लगेगा और वीजा जल्द ही आ जाएगा, लेकिन वीजा न मिलने पर दोनों ने उसे कनाडा का वीजा दिलवाने का झांसा दिया और 31 अप्रैल तक का समय मांगा। राहुल ने बताया कि वीजा न दिला पाने पर पंचायत में इन दोनों ने ब्याज सहित 16 लाख 36 हजार रुपए लौटाने का वादा किया। पंचायत में महेश ने अपने रिश्तेदार, हरियाणा पुलिस में एसआई पद पर कार्यरत बलवान सिंह को गारंटर के रूप में बीच में रखा।

# ससुरालियों से प्रताड़ना और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** करनाल की एक बेटी ने अपने ससुरालियों से लगातार प्रताड़ना और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता ने अपने ससुर के पर रेप की कोशिश करने और पति पर नशे में मारपीट और अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाया। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में यह भी बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके से दहेज लाने का दबाव शुरू कर दिया था। इतना ही नहीं दहेज में मायके द्वारा दिए गए सामान को घटिया बताकर उसे ताने दिए गए और मानसिक रूप से परेशान किया गया। विवाहिता की शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
करनाल निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 18 अप्रैल को ही उसकी शादी पंजाब के लुधियाना जिले में प्रिंस से हुई थी। इस में शादी में उसके भाई और मां ने हैसियत से बढ़कर लगभग 10 लाख रूपए खर्च किए थे। पीड़िता ने आगे शिकायत में बताया कि शादी के 3 से 4 दिन

#### आरोप

**पीड़िता ने बताया कि उसके ससुर की उसकी उसकी गंदी नजर थी। वह उसके साथ छेड़छाड़ करता था**

बाद ही उसकी सास और ससुर ने मायके से और दहेज लाने की मांग करनी शुरू कर दी थी। वहीं जो सामान दहेज में मेरे परिवार ने दिया थाए उसे घटिया बताकर ताने दिए गए। ससुराल के लोगों ने उस पर बार-बार मानसिक और शारीरिक दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि उसके ससुर की उसकी उसकी गंदी नजर थी। जब भी वह घर पर अकेली होती थी, तब वह उसके साथ छेड़छाड़ करता था। इतना ही नहीं एक बार तो वह बाथरूम में घुस गया। वहीं जब इन सब बातों के बारे में पति को बताया उसने भी उसके साथ मारपीट की। वहीं ससुर द्वारा उसे धमकी दी गई कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे जान से मार दूंगा।
विवाहिता ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पति नशे का आदी है। नशा करने बाद वह उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता और उसके साथ बुरी तरह से मारपीट करता था। जब वह इसका विरोध करती तो सारी रात घर से बाहर निकाल देता था। अब जब उसकी तबीयत खराब हुई तो उसे दवा नहीं दिलाई गई। इसके बाद मैंने अपने भाई को फोन किया वह उसे लेने आया। जब वह सामान लेकर अपने भाई के साथ आने लगी तो सभी कपड़े और गहने उतरवा लिए और धक्के देकर उसकी सास सहित सभी लोगों ने उसे घर से निकाल दिया।

# 3.50 करोड़ की लागत से वार्ड 19 की एससी बस्ती में होंगे जीर्णोधार के कार्य

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )
**पानीपत** शहरी विधानसभा के वार्ड 19 में एस सी बस्तियों के जीर्णोधार के कार्य 3.50 करोड़ की लागत से किए जाएंगे। लंबे समय से एस सी बस्तियों के जीर्णोधार के लिए प्रयासरत विधायक प्रमोद विज के प्रयास अब सिरे चढ़ने जा रहे हैं, हरियाणा सरकार ने विज की पहल पर पानीपत की सभी 28 बस्तियों के जीर्णोधार हेतु 44 करोड़ की राशि प्रेषित की है,विधायक विज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सौभाग्य शाली है जो प्रदेश को



संवेदन शील मुख्यमंत्री के रूप में ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो सदैव गरीब कल्याण हेतु चिंता करते हैं, वो जनता बस्तियों की जीर्णोधार की राशि भेजने हेतु पानीपत की जनता हेतु आभार व्यक्त करते हैं। ये होंगे कार्य:-बस्तियों के पुनरुथान के दौरान गली, नाली, सिवरेज और ड्रेन बनाने के कार्य होंगे जिससे जनजीवन पहले से बेहतर हो सके। वार्ड 19 में लगभग 50 लाख की लागत से खटीक धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा, विधायक द्वारा शहर में लगभग 128 भवन बनाने का कार्य किया जा रहा है।

### 5 हजार के ईनामी बदमाश को किया काबू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** सीआइए वन की टीम द्वारा 5 हजार के इनामी बदमाश मोनू पुत्र फते सिंह वासी गांव कन्नौ अग्रोहा, हिसार को गांव किरोड़ी अग्रोहा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना सदर करनाल में 31 जुलाई 2023 को भादंसं की धारा 379 व 420 के तहत मामला दर्ज है, जिसमें उस पर 5 हजार का ईनाम घोषित था। सीआइए वन के प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किए गए, परंतु इस बार कामयाबी उनकी टीम के हाथ लगी।

# नरेंद्र के जन्मदिन पर 44 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** नेक्सा करनाल मोटर्स में करनाल राउंड टेबल के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर करनाल मोटर्स के प्रबंध निदेशक नरेंद्र बाली के 70वें जन्मदिन पर आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक नरेंद्र बाली मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे, जबकि करनाल मोटर्स के निदेशक गुरजंत बाली ने शिविर की अध्यक्षता की।
172 बार रक्तदान और 84 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ.अशोक कुमार वर्मा शिविर के संयोजक थे। मुख्य अतिथि पधारे



नरेंद्र बाली ने अपने 70वें जन्मदिन पर रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया।
उन्होंने कहा कि आज के दिन रक्तदान शिविर के आयोजन करने का लक्ष्य समाज में ऐसे लोगों की सेवा करना है, जो रक्त के अभाव से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि वे अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं। रक्तदान महादान है और एक स्वस्थ व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को रक्तदान का उपहार दे सकता है।
शिविर की अध्यक्षता कर रहे गुरजंत बाली ने कहा कि करनाल

#### सेवा

**गुरजंत बाली ने कहा कि करनाल राउंड टेबल विभिन्न क्षेत्रों में समाज और राष्ट्र कल्याण के कार्य करती है**

राउंड टेबल विभिन्न क्षेत्रों में समाज और राष्ट्र कल्याण के कार्य करती है। समय-समय पर रक्तदान शिविर और अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से कोई न कोई समाज सेवा का कार्य किया जाता है। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रबंध निदेशक नरेंद्र बाली को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा में आपका सहयोग सदैव स्मरणीय है।

# वृंदावन धाम की यात्रा करने से मन को शांति प्राप्ति होती है: कविन्द्र

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के अवसर पर श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से वृंदावन धान के लिए बस यात्रा रवाना हुई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविन्द्र राणा ने मुख्य अतिथि रूप में शिरकत। समिति के प्रधान प्रमोद मंगला व उप प्रधान विकास गर्ग ने पटका व फूल मालाएं पहनाकर कविन्द्र राणा का स्वागत किया। शहर के मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से कविन्द्र राणा ने बस को झंडी देकर रवाना किया।
इससे पूर्व कविन्द्र राणा व समिति के सदस्यों ने विधि-विधान पूजा



अर्चना की और नारियल फोडकर बस यात्रा का शुभारंभ गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कविन्द्र राणा ने कहा कि वृंदावन व अन्य धार्मिक यात्राएं करने से मन को शांति मिलती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति सराहनीय कार्य कर रही है। हमें समीति के साथ जुड़कर परिवार सहित धार्मिक यात्रा जरूर करनी चाहिए।
समिति के प्रधान प्रमोद मंगला ने बताया कि श्री श्याम बालाजी

#### हरी झंडी

**शहर के मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से कविन्द्र राणा ने बस को झंडी देकर रवाना किया**

दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। पिछले पांच वर्षों से निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित अन्य धामों की यात्रा करवाई जा रही है। इस बार बस वृंदावन धाम के लिए रवाना हो रही है, जिसमें भक्तजन बांके बिहारी मंदिर, राधावल्लभ लाल मंदिर, गोपीश्वर महादेव मंदिर, राधादामोदर, निधि वन, प्रेम मंदिर इस्कोन मंदिर आदि मंदिरों के दर्शन करेंगे।
समिति के उपप्रधान विकास गर्ग ने बताया श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवाई जाती है। श्रद्धालुओं के लिए रहने व खाने-पीने के लिए समिति की तरफ से उचित व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर मोहन लोदी, समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उपप्रधान विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, अनिल मित्तल, जतिन, रेनु मंगला, विपिन गुप्ता, ममता रानी व अशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरुनानक देव जी के प्रकाश दिवस पर सजाया दीवान

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबाद।** सतगुरु नानक प्रगट होया मिटी धुंध जग चानन होया, बाबा नानका शब्द अट्ट बाबा नानका, गुरुनानक दी वडिआई, जैसा सतगुर सुणिदा तैसा ही है दीठ, मन क्यूं बेराग करे मेरा सतगुरु पूरा आदि शब्द कीर्तन के माध्यम से गुरुओं की बाणी का गुणगान किया गया। मौका था गुरु नानकदेव जी के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेन बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सजाए गए दीवान का। इस अवसर पर जसबीर सिंह हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब से, कथावाचक चरणजीत सिंह धमतान





साहिब से, स्थानीय हजूरी रागी जत्था देवेंद्र सिंह और गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के हजूरी रागी जत्था अमृतपाल सिंह ने शब्द कीर्तन और कथा विचारों से संगत को निहाल किया। समागम में मंच संचालन गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के महासचिव महेंद्र सिंह वधवा ने किया। इस अवसर पर रागी जत्थों और कथावाचक ने जहां गुरुनानकदेव की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया वहीं उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव द्वारा जो ज्ञान रूपी ज्योति दिखाई गई उसी का अनुसरण कर हमें अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध शराब की तस्करी में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हवा सिंह निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही संदीप ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गांव कुंडली में मुख्य गेट के पास अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। जिसमें मौके भारी मात्रा में शराब बरामद की थी। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को जमानत मिल गई।

### युवकों पर हमला, जबरदस्ती गाड़ी में डालकर नहर में बहाने का लगाया आरोप

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए युवक व उसके दोस्तों पर जानलेवा हमला कर घायल करने व उन्हें जबरदस्ती गाड़ी में डालकर नहर में बहाने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल युवक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव छतेहरा निवासी संदीप उर्फ दीपू ने बताया कि वह गत 10 नवंबर को अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गांव नाहरा स्थित शम्भू नाथ वाटिका में शामिल होने के लिए गया था। उसके साथ उसका दोस्त हेप्पी भी गया हुआ था। पार्टी के दौरान खाना खा रहे थे। रात को करीब 12.30 बजे आशु व विक्की उर्फ विकास, काला के साथ बातचीत के दौरान झगड़ा हो गया। आशु अपनी गाड़ी से बिट्टा निकाल लाया। जिसमें लोहे की किल लगी हुई थी। उसने उस पर हमला कर घायल कर दिया। वहीं उसके दोस्तों को पीटा गया। उन्हें जबदस्ती गाड़ी में डालकर नहरों के बीच में ले आए। जहां उन्हें नहर में डालने का प्रयास करने लगे। राहगीरों को आता-जाता देख वह ऐसा नहीं कर पाएं। उन्हें वहीं छोड़कर फरार हो गए। राहगीर से मदद लेकर अपने परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद परिजन उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### गीता रन कार्यक्रम के लिए 20 नवम्बर से पंजीकरण आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र** : जिला खेल अधिकारी कुरूक्षेत्र ने बताया कि अंर्तराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 28 नवम्बर 2024 को कुरूक्षेत्र के पुरूषोत्तमपुरा बाग, ब्रहम सरोवर पर गीता रन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस गीता रन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण 20 नवम्बर 2024 से आरंभ किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 20 नवम्बर 2024 से द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरूक्षेत्र में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं व चैस्ट नम्बर प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज के लिए आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 9 दिसम्बर 2024 से 16 दिसम्बर 2024 तक गोवा में करवाया जा रहा है।

# गलती से सीखना ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है : डॉ श्री मणिभद्र

"मनुष्य गलतियों का पुतला है, जीवन की यात्रा में गलतियाँ आना एक सामान्य और अपरिहार्य घटना है

**मागदर्शन**

▶▶ जीवन के किसी भी पहलू में गलतियाँ होना प्राकृतिक हैं, मतलब यह नहीं कि हम इनसे भाग सकते हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नेपाल केसरी, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि मनुष्य स्वभाव से त्रुटिपूर्ण है, और यही उसकी असली पहचान भी है। कोई भी व्यक्ति कभी न कभी जीवन में गलती करता है, चाहे वह जानबूझकर हो या अनजाने में। यह कहना गलत नहीं होगा कि "मनुष्य गलतियों का पुतला है।" जीवन की यात्रा में गलतियाँ आना एक सामान्य और अपरिहार्य घटना है, और इस पर कोई भी इंसान विजय प्राप्त नहीं कर सकता। जीवन के किसी भी पहलू में गलतियाँ होना प्राकृतिक हैं, परंतु इसका मतलब यह नहीं कि हम इनसे भाग सकते हैं या इन्हें नजरअंदाज कर सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि हम अपनी गलती का अहसास करें, उसे स्वीकारें और उससे कुछ सीखने का प्रयास करें। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि गलती होने के बाद सबसे महत्वपूर्ण भावनाओं में से एक है क्षमा की भावना। क्षमा केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक गहरी मानसिकता और एक प्रैक्टिकल जीवन-दृष्टिकोण है। यह किसी अन्य व्यक्ति से जुड़ी नहीं होती, बल्कि यह हमारी अपनी अंतरात्मा की शांति और हमारी आत्म-प्रकृति का हिस्सा बन जाती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति से ही नाजुक और त्रुटिपूर्ण होता है। किसी भी प्रकार की गलती, चाहे वह सोचने में हो, समझने में हो, या आचरण में, जीवन का हिस्सा है। एक बच्चा जब चलने की कोशिश करता है, तो वह गिरता है, लेकिन क्या वह गिरने से रुक जाता है? नहीं, वह बार-बार गिरने के बाद धीरे-धीरे चलना सीखता है। यही जीवन का सिद्धांत है झ हम गलतियाँ करते हैं, फिर भी हम सीखते हैं, सुधारते हैं और आगे बढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि जो लोग क्षमा का भाव नहीं अपनाते, वे अक्सर भविष्य में अधिक गलतियाँ करते हैं। जब हम खुद को या दूसरों को माफ नहीं करते, तो हमारा मन पूरी तरह से दोषपूर्ण और निराशाजनक हो जाता है। इस स्थिति में, हम भविष्य में और भी अधिक गलतियाँ करते हैं, क्योंकि हम अपनी ही गलतियों से भयभीत रहते हैं और किसी भी निर्णय को आत्मविश्वास के साथ नहीं ले पाते। यदि हम समय रहते क्षमा का भाव अपनाएं, तो हम मानसिक शांति, स्वस्थ रिश्ते और बेहतर जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। लेकिन यदि हम इसे न अपनाएं, तो इसके दुष्परिणाम हमें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करवा सकते हैं।

अतः क्षमा के महत्व को समझें और उसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं ताकि आप न केवल दूसरों, बल्कि खुद को भी शांति और संतुलन प्रदान कर सकें।

# किड्जी स्कूल में शब्द कीर्तन का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : किड्जी एवं किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण छाया रहा। इस पावन अवसर पर स्कूल में पंज प्यारो की अगुवाई की गई और शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी, बाबा गुलजार सिंह जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कक्षा चौथी से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर आधारित स्किट्स प्रस्तुत किए। इन स्किट्स के माध्यम से बच्चों ने सत्य, करुणा, समानता, और सेवा जैसे आदर्शों को जीवंत तरीके से प्रस्तुति दी । इस प्रस्तुति ने न केवल बच्चों, बल्कि सभी दर्शकों को भी प्रेरित किया और उन्हें गुरु नानक देव जी के जीवन की शिक्षाओं से अवगत कराया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने 'माटी का पुतला' शब्द, 'मिटी धुंध जग चानन होया' और संगीत शिक्षक शुभम जी द्वारा 'तेरे बिना कोई न सहारा' शब्द भी प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में आध्यात्मिकता का संचार हुआ। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई, जिसने भाईचारे और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने सभी को गुरुपर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' हमें समाज में सकारात्मक योगदान देने और मानवता की सेवा में लगे रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए हम समाज और समस्त मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं, यही इस पर्व को मनाने का सच्चा उद्देश्य है।

## गुरु नानक व पूर्णिमा दिवस के अवसर पर गौमाताओं को हरा चारा, गुड़, चूरी खिलाकर सेवा की



**गुरु** नानक दिवस व पूर्णिमा दिवस के अवसर पर जटवाड़ा की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में गौभक्त दिलबाग सिंह व गीता हिंदी अध्यापिका ने गौमाताओं को 10 कटे हरा चारा, 5 किलो गुड़, ढाई किलो चूरी डाली। गुरु नानक जयंती अवकाश के दौरान गौभक्तों ने सेवा का कार्य किया ।सेवा में ही मेवा है । व्यक्ति का कर्म, धर्म से भी बढ़कर है कर्म से ही भाग्य बदला जा सकता है। इसके उपरांत बीमार गौमाता के बाड़े में जाकर गौभक्तों ने शाम का चारा निकाला ,गोबर उठाया, झाड़ू लगाया ,पानी पिलाया, दवाई लगाई कमर पर खुर्रा फेरा आदि हम सभी का कर्तव्य बनता है की विशेष दिन की बजाए सामान्य दिनों में भी मूक प्राणियों की सेवा करनी चाहिए ।

# डा. श्रीप्रकाश मिश्र संस्कृति रक्षक सम्मान से हुए सम्मानित

**सम्मान**

▶▶ भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र को भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संस्कृति रक्षक सम्मान से सम्मानित किया। शेखावटी, राजस्थान की नीम का थाना जनपद की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था आनंद श्री चेतना केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। डा. श्रीप्रकाश को संस्कृति रक्षक सम्मान विगत 27 वर्षो से रामायण, श्रीमदभगवदगीता, वेदांत के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार सहित समाज के असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के सवार्गीण विकास हेतु निःशुल्क आवासीय शिक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मातृभूमि सेवा मिशन के समस्त लोक मंगल के निमित्त संचालित सेवा प्रकल्पो की प्रशंसा की। इस अवसर पर आंनद श्री चेतना केंद्र द्वारा नव निर्मित सनातन वैदिक संस्कृति के लिए समर्पित नारायण लक्ष्मण आभा स्मृति संस्कृति संग्रहालय का केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पूर्व कुलपति एवं आनंद श्री चेतना केंद्र के संस्थापक शिक्षविद डा. लोकेश सिंह शेखावत ने किया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखवात ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। इसे विश्व की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। जीने की कला हो, विज्ञान हो या राजनीति का क्षेत्र भारतीय संस्कृति का सदैव विशेष स्थान रहा है। अन्य देशों की संस्कृतियाँ तो समय की धारा के साथ-साथ नष्ट होती रही हैं किंतु भारत की संस्कृति व सभ्यता आदिकाल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है।

# डेंगू से बचाने की बजाए आंकड़ों के खेल में उलझी हुई है सरकार : अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : एक लंबे अरसे के पश्चात थानेसर के कांग्रेसी विधायक अशोक अरोड़ा ने हरियाणा विधानसभा के सत्र के दौरान थानेसर हलके की समस्याओं व अन्य जनहित के मुद्दों को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से उठाया। विधायक अशोक अरोड़ा द्वारा हलके की समस्याओं को विधानसभा मे जोरशोर से उठाने पर उनकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। अरोड़ा ने थानेसर में फैल रहे डेंगू के प्रकोप, बिगड़ती कानून व्यवस्था, डीएपी खाद का संकट, एमएसपी का मुद्दा, पराली जलाने की समस्या, ब्रह्मसरोवर व सन्निहित सरोवर की पवित्रता बरकरार रखने और गीता जयंती का व्यवसायीकरण करने, नगर परिषद में कौशल रोजगार निगम के तहत लगाए गए कर्मचारियों की जांच करने, बेसहारा गौवंश के कारण लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने व मारे जाने जैसे मुद्दों को विस अध्यक्ष के समक्ष उठाया।
अशोक अरोड़ा का कहना है कि डेंगू



के प्रकोप के कारण जनता में हा-हाकार मची हुई है। सारे अस्पताल मरीजों से भरे पडे हैं। सरकार ने फोगिंग करवाना बंद कर रखा है।

**सरकार को घेरा**

▶▶ अशोक अरोड़ा का कहना है कि डेंगू के प्रकोप के कारण जनता में हा-हाकार मची हुई है

उनका आरोप है कि सरकार जनता को डेंगू के प्रकोप से बचाने की बजाए आंकडों के खेल में उलझी है और डेंगू के आंकडे कम दिखाकर अपनी पीठ थपथपा रही है। उनका कहना है कि थानेसर नगर परिषद स्वस्छता सर्वेक्षण में हरियाणा में सबसे नीचले पायदान पर आई है। समय रहते नालों की सफाई नही करवाई गई। नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है जोकि परिषद मे सफाई व्यवस्था के नाम पर करोडों का खेल हुआ है। यदि समय रहते नगर की सफाई व्यवस्था नालों व नगर की सफाई करवा दी जाती तो जनता को डेंगू के प्रकोप से बचाया जा सकता था।

# सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी को बनाया हवस का शिकार

**शर्मनाक**

▶▶ किशोरी की मां ने आरोपित पर एक साल से छेड़खानी व दुष्कर्म कर लगाया आरोप
▶▶ शिकायत के बाद आरोपित है फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र में रिश्ते को शर्मसार करते हुए सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर दिया। आरोप है सौतेला पिता करीब एक साल से बेटी से दुष्कर्म व छेड़खानी करता आ रहा है। वर्तमान में आरोपित घर से लापता है। जब किशोरी की मां ने उसकी तलाश का प्रयास किया तो बेटी ने मां को उसके साथ हुई ज्यादती के बारे में अवगत कराया। जिस पर पीड़िता ने सदर थाना में शिकायत दी है। बिहार हाल में सदर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसके पास चार बच्चे है। जिसमें बड़ी बेटी 17 साल की हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पति की मौत हो गई थी। जिस पर उन्होंने चार बच्चों के पालन-पोषण के लिए छह साल पहले उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली थी। वह अपने दूसरे पति और चारों बच्चों के साथ रहने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि दूसरे पति ने उनकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म व छेड़खानी की है। आरोपित करीब एक साल से बेटी के साथ गलत काम कर रहा था। अब आरोपित कई दिन से लापता है। जब वह उसकी तलाश का प्रयास कर रही थीं तो बेटी ने अपने साथ हुई ज्यादती के बारे में बताया। महिला का आरोप है कि बेटी ने कहा कि उनका सौतेला पिता एक साल से दुष्कर्म व छेड़खानी करता आ रहा था। आरोपित ने उनकी बेटी को इस बारे में किसी को बताने पर परिवार के सदस्यों को मारने की धमकी दी थी।

## किसान की ट्राली से धान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी दहिया में किसान के ट्राली से धान चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेड़ी दहिया निवासी दलबीर सिंह ने बताया कि वह गत 12 नवंबर को अपने खेत से धान की फसल को निकालकर लेकर आया था। जिसमें करीब 24 क्विटंल फसल निकली थी। उसने ट्राली में भरकर घर के बाहर खड़ा कर दिया। उसके बाद वह सुबह धान बेचने के लिए गया। जहां ट्राली में धान की फसल कम मिली। किसी ने करीब 18 क्विटंल फसल गायब मिली।

# स्पेशलिस्टों को वीआईपी सेवाओं में ड्यूटी पर भेज रहा प्रबंधन

**लापरवाही**

▶▶ नागरिक अस्पताल में नेत्ररोग व गले के मरीजों का ओपीडी रजिस्ट्रेशन दो गुणा बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : जिले** के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ प्रशासनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने में असफल साबित हो रहा है। अस्पताल में उपचार करवाने व अन्य सेवाओं को लाभ लेने के लिए घंटों लाइन में लगने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में अपने मर्ज की दवा लेने की बजाय उन्हें परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शहर से विधायक निखिल मदान दौरा करके व्यवस्था पर सवाल उठा चुके है। उसके बाद प्रबंधन की तरफ से कोई ठोस कदम उठाने का काम नहीं किया जा रहा है। अस्पताल में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की ड्यूटी वीआईपी व आपातकालीन सेवाओं में लगाई जा रही है। जिसके चलते मरीजों को अस्पताल के कई-कई चक्कर लगाने पर उपचार मिल पा रहा है।
बता दें कि उत्तर भारत में ठंड का मौसम शुरू हो चुका है। बदलते मौसम के साथ जिले में लोग बीमार पड़ने लगे है। दीपावली के बाद से हवा में प्रदूषण की मात्रा बढ़ने के साथ अस्पतालों में नेत्र रोग व गले के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। दोनों ओपीडी में रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के अंदर दो गुणा बढ़ गया है। मौजूदा समय में अस्पताल में ओपीडी का रजिस्ट्रेशन 2200 से ज्यादा दर्ज किया रहा है। वहीं अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ओपीडी में तैनात स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को वीआईपी व अन्य सेवाओं में ड्यूटी पर भेजा रहा है। जिसके चलते ओपीडी में आप्रेशन से लेकर उपचार करवाने के लिए पहुंच रहे मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तीन दिन से कर्मचारी छुट्टी पर गई, खराब कंप्यूटर को नहीं करवाया जा रहा ठीक-
अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बेहतर चिकित्सक सुविधाएं देने का दावा किया जाता है, लेकिन धरातल में सुविधा के नाम पर लोगों के मर्ज को घटाने की बजाय बढ़ाने का काम किया जा रहा है। अस्पताल में सरकारी नौकरी, गन लाइसेंस व स्कूल में देने के लिए मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने वाले आवेदकों को धक्के खाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ओपीडी नंबर-14 में तैनात कर्मचारी तीन दिन से छुट्टी पर है। जानकारी मिली है कि कर्मचारी एक माह की छुट्टी पर चली गई है। वहीं सुनवाई की जांच करवाने वाले आवेदकों को खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा जा रहा है। साथ ही ईएनटी ओपीडी में करीब एक सप्ताह से कंप्यूटर खराब पड़ा है।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान में हजारों की तदाद में संगत ने शीश नवाया। यहां सुशोभित गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली एवं छठी में सुबह से ही संगत के आने का सिलसिला शुरू हो गया। संगत ने समागम के दौरान श्री हरमंदिर साहिब श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई सुखजीत सिंह, भाई तरसेम सिंह का ढाडी जत्था, भाई मलिंदर सिंह हजूरी रागी, भाई बेअंत सिंह हैड ग्रंथी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, भाई हरकरण सिंह ग्रंथी, भाई जगसीर सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, भाई सूबा सिंह हजूरी रागी ने संगत को सिख इतिहास से



जोड़ा। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उपसचिव रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत अन्य ने भी शिरकत की।

समागम में संगत का मार्गदर्शन करते हुए गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने कहा कि गुरबाणी, शबद और नाम सिमरन तीनों ही अमृत हैं। इन तीनों से मानव को आत्मिक जीवन व शांति मिलती है। नाम सिमरन/अमृत से सभी कष्ट दूर होते हैं। यही संदेश श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने देश-दुनिया को दिया। कथावाचक ने संगत को गुरु

**शीश नवाया**

▶▶ श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान में हजारों की तदाद में संगत ने शीश नवाया

साहिब द्वारा दी गई नारी जाति के सत्कार की शिक्षा को भी जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी महाराज के जन्म एवं जीवन इतिहास का प्रसंग सुनाते हुए संगत को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरबाणी, शबद और नाम सिमरन कर संगत को पाखंड व अंध विश्वास के मक्कड़ जाल से दूर रहना चाहिए। व्यक्ति को संसारिक यात्रा से मुक्ति दिलाने में सच्चे व पवित्र मन से नाम सिमरन ही अचूक माध्यम है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने कहा कि संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में प्रदेश के अलग-अलग गुरुद्वारा साहिबान में श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया है। गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवी कपाल मोचन बिलासपुर में काफी बड़ा समागम करवाया गया है, जबकि गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब पिंजौर में भी कार्यक्रम कराया गया। इसके साथ ही गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर एवं कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा साहिबान में समागम करवाए गए हैं।

# शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र से 11 नए मरीज आए सामने, आंकड़ा 378 पर

**डेंगू का प्रकोप**

▶▶ स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बदलते** मौसम के साथ जिले में डेंगू का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट में 11 डेंगू के नए मरीज सामने आए है। जिसके बाद से जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 378 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है।
बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मंगलवार को जारी की रिपोर्ट में 11 नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों के सामने आए है।
अब तक 378 केस मिल चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करना चाहिए।

# धूमधाम से मनाया अंबाला में गुरुनानक देव जी का प्रकाशपर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला अंबाला में श्री गुरू नानक देव जी का प्रकाशपर्व धूमधाम से मनाया गया। अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरूद्वारा बादशाही बाग, गुरूद्वारा मंजी साहिब, पंजोखरा साहिब में दीवान सजाए गए और गुरू के लंगर अटूट बरताए गए। विभिन्न स्थानों से आए रागी ढाडी जत्थों ने कथा-कीर्तन से संगतों को निहाल किया। अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरूद्वारा मंजी में आज गुरूपर्व के उपलक्ष में आज रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

इसी प्रकार चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञों की टीम ने रोगियों को जांचते हुए दवाईयां भी दी गई। हीलिंग टच के ईएनटी जनरल मेडिसन, नेत्र रोग विशेषज्ञ व हड्डी रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। यहां पर निशुल्क दवाईया दी गई। ईसीजी व अन्य प्रकार के टेस्ट आदि भी किए गए।



इस अवसर पर आज मेडिकल कैंप का उद्घाटन करने के लिए हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान सुदर्शन सिंह सहगल पहुचें।

जानकारी देते हुए तरविंदर पाल सिंह एक्जीयूटिव मैंबर हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने प्रकाश दिवस की बधाई देते हुए बताया कि कमेटी जहां गुरमत समागम व गुरूपर्व प्रदेश भर में धूमधाम से मना रही है वही नई सराएं लाइब्रेरी, लेबोट्री व विभिन्न सेवाएं प्रदेश भर में चलाई जा रही है। कल इसी कडी में गुरूद्वारा नाडा साहिब में 100 कमरें की नई यात्री निवास बनाने का नीव पत्थर प्रधान भूपेन्द्र सिंह असंध तथा बाकी अन्य सदस्यों की हाजरी में रखा गया है। इसके साथ ही हरियाणा शैक्षणिक संस्थानों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत है। अंबाला शहर के गुरूद्वारा बादशाही बाग में दीवान सजाए जा रहे है यहां पर रात को भी कार्यक्रम होगा। आज गुरूद्वारा बादशाही बाग में चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया।

जिसमें सैकडों रोगियों की निशुल्क जांच करते हुए दवाईया दी गई। आयुष विभाग द्वारा भी यहां पर एक चिकित्सा शिविर लगाया गया। यहां डाक्टरों की टीम ने रोगियों को जांचा और दवाईयां भी दी।

**गुरूपर्व**

**▶▶ विभिन्न स्थानों से आए रागी ढाडी जत्थों ने कथा-कीर्तन से संगतों को निहाल किया**

# घर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरूक्षेत्र ने घर मे पैसे चोरी करने के एक आरोपी को किया गिरफतार। अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने घर से पैसे चोरी करने के आरोप में राहुल सिह वासी गाँव सिरसला को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 28-09-2024 को सागर-दे वासी चढ़ूनी जाटान जिला कुरुक्षेत्र ने थाना सदर थानेसर पुलिस के दी अपनी शिकायत मे बताया था कि वह डॉग ब्रिडिंग (कुत्ते का प्रजनन) करने का कार्य करता है। इस काम के लिए उसने एक मकान खेड़ी मारकंडा में किराए पर लिया हुआ है। जिसमे वह अपने कुत्तों के साथ रहता है। उसने अपना खुद का मकान लेने का प्लान बना रहा था और काफी समय से पैसा इकट्ठा कर रहा था। जिसके लिए उसने 12 लाख 50 हजार रुपए अपने मकान में छुपा के रखे हुए थे। दिनांक 15/09/2024 को वह घर से बाहर किसी काम से गया हुआ था। दिनांक 23/09/2024 को जब वह वापिस आया तो उसने देखा कि घर से पैसे गायब थे। जिस की शिकायत पर पुलिस ने थाना सदर थानेसर मे मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 के एएसआई गुरबक्श सिंह को सौंप दी थी। एएसआई गुरबक्श सिंह को प्रभारी मोहन सिंह अपराध अन्वेषण शाखा-2 के दिशा निर्देश में काम करते हुए गुप्त सूचना मिली की चोरी करने का आरोपी राहुल सिह वासी गाँव सिरसला इस समय अपने गांव सिरसला मे घूम रहा है। जिस सूचना के आधार पर एएसआई गुरबक्श सिंह, कर्मबीर सिंह वा एसआई जयपाल की टीम ने चोरी करने के आरोपी राहुल सिह वासी गाँव सिरसला को गांव सिरसला काबू करके गिरफतार कर लिया था।




## न्यूज फ्लैश

### गढ़ी सिसाना के सूरज ने घर मे लगाई फांसी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा के गाँव गढ़ी सिसाना के 21 वर्षिय सूरज पुत्र सुरेन्द्र ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर मे फांसी लगा ली। मृतक के भाई नीरज ने पुलिस को बताया कि वह सीआईएसएफ में नोकरी करता हैं और अपने परिवार के साथ रोहतक रहता हैं, जबकि उसकी माँ व छोटा भाई सूरज गोहाना में रहते थे। सर सूरज पुत्र सुरेंद्र वासी गढ़ी सिसाना उम्र 21 वर्ष ने अज्ञात कारणों से अपने घर में 3/4 दिन पहले फांसी लगा रखी थी जो रस्सी टूट कर शव नीचे गिर रखा था। नीरज ने पुलिस को बताया कि 3 से 4 दिन पहले उसका भाई सूरज मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था। वह मोटरसाइकिल उसके चाचा के मकान के पास खड़ी हुई थी। जब उसके चाचा ने मकान के अंदर देखा तो तो सूरज ने फांसी ले रखी थी और शव नीचे पड़ा हुआ था। देखने से ऐसा लग रहा हैं कि जैसे सूरज ने फाँसी कई दिन पहले लगाई हुई थी। सूचना पर खरखौदा पुलिस मोकेबपर पहुँची, और शव को कब्जे में लेकर सोनीपत के सामान्य अस्पताल में भिजवाया गया हैं, और पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं।

### गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नौनिहालों ने किया गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन

**सोनीपत:** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में सिख पंथ के संस्थापक व प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गुरु नानक देव जी के जीवन से संबंधित गीत व प्रेरक-प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर अंकित जैन ने गुरु नानक देव जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी एक महान संत थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए ही सिख पंथ की स्थापना की। गुरु नानक देव ने सभी को अपने अंदर की बुराइयों को समाप्त कर जीवन को प्रकाशित करने का रास्ता दिखाया। इसलिए नानक जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अध्यापिकाओं संग स्कूल परिसर से सटे गुरुद्वारा साहिब में जाकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका और गुरु की वाणी का श्रवण किया। इस अवसर पर डायरेक्टर अंकित जैन ने कहा कि गुरु नानक देव जी सिखों के प्रथम गुरु होने के साथ ही धर्म सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त, दार्शनिक व योगी भी थे । उन्होंने हमेशा समाज को एकता में बांधने का संदेश दिया । साथ ही जाति-पाति को मिटाकर भेदभाव को दूर करने और और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने लिए कई उपदेश भी दिए। हम सभी को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर अध्यापिका कविता, मंजू गांधी, कोमिला, भावना, दिव्या, नीरू, मेघा, पूनम, सीमा, युक्ति, कविता नैन, रोजी ,सतीश सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।



### अवैध मादक पदार्थ रखने के जुर्म में महिला समेत दो को दस साल की सजा

**गुरुग्राम।** यहां की एक अदालत ने अवैध मादक पदार्थ सहित पकड़े गए एक महिला आरोपी सहित दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार 25 जून 2020 को नजदीक पुराना टोल प्लाजा बिलासपुर जिला गुरुग्राम से एक युवक व एक महिला को 64.380 किलोग्राम अवैध गांजा (मादक पदार्थ) सहित काबू किया था। आरोपियों की पहचान मोहम्मद जहीर व अल्का दोनों निवासी त्रिलोकपुरी (दिल्ली) के रूप में हुई थी। आरोपियों के कब्जा से अवैध गांजा बरामद होने पर इनके विरूद्ध थाना बिलासपुर, गुरुग्राम में एनडीपीएस एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के खिलाफ सभी साक्ष्य व गवाह जुटाकर अदालत में पेश किए गए।

# 13 ग्राम हैरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र पालिका विहार मोड से नशा तस्करी के मामले में 14 नवम्बर 2024 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के उप-निरीक्षक गुरदर्शन सिंह व सह-उप-निरीक्षक सतबीर सिहँ ने पुलिस दल सहित सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सुनिल कुमार उर्फ सत्तू निवासी गाँव खैतोधन थाना डीह जिला बरैली हालपता किराएदार प्रीत नगर महेश नगर जिला अम्बाला को 13 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 14 नवम्बर 2024 को एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है, जो आज अम्बाला कैन्ट से डेहा कालोनी अम्बाला शहर में मादक पदार्थ सहित आएगा।

सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र पालिका विहार मोड की तरफ से पैदल आ रहे संदिग्ध को काबू कर उससे 13 ग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान सुनिल कुमार उर्फ सत्तू निवासी गांव खैतोधन थाना डीह जिला रायबरैली हालपता किराएदार प्रीत नगर महेश नगर जिला अम्बाला के रूप में हुई।




**काबू**

**▶▶ एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है**

# साढ़े 4 लाख की ठगी कर फरार हुए युवक

**टीम एक्शन इंमडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** के वार्ड संख्या 6 रहने वाले भीम सिंह ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि दिनांक 13 नवंबर की दोपहर समय करीब 2 बजकर 30 मिंट दिल्ली चौक पर किसी काम से गया हुआ था। उसी दौरान दिल्ली 3 युवक लाटरी निकालने की बात कह रहे थे। युवकों ने भीम सिंह को अपनी बातों में लेकर लाटरी निकालने का लालच दिया। जिस पर भीम सिंह ने लाटरी निकालने के लिए कहा तो युवकों ने कहा की तुम्हारी साढ़े 4 लाख की लाटरी निकली है। लेकिन यह रकम तुम्हे नकद में दिखानी पड़ेगी फिर तुमहें लाटरी का पैसा मिलेगा। बात मानते हुए उन पर भरोसा कर-के उन युवकों को अपने घर पर ले आया। इसके बाद भीम सिंह ने जब अपनी पुत्र वधु से साढ़े 4 लाख रू लाने के लिए कहा उसने साढ़े 4 लाख रू लाकर बिना किसी पूछताछ के दे दिए। रुपये मिलते ही युवकों ने भीम सिंह को स्कूटी लेकर बाईपास पर आफिस में आने के लिए कहा। लेकिन मुझे बाद में पता चला कि उनका कोई आफिस नहीं था वे पैसे लेकर भाग गए, जबकि उनका पीछा करने पर भी नहीं मिले।

# रजनी को ग्रेपलिंग कमेटी ने उप निदेशक नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**


**पानीपत** निवासी सुप्रसिद्ध मॉडल रजनी बैनीवाल को भारतीय ग्रैपलिंग समिति द्वारा कुश्ती को प्रोमोशन एवं इंटरटेनमेंट विभाग का डिप्टी डारेक्टर नियुक्त किया है। भारतीय ग्रेपलिंग समिति के चेयरमैन दिनेश कपूर और सचिव बिरजू शर्मा द्वारा जारी आदेश में पानीपत निवासी सुप्रसिद्ध मॉडल रजनी बैनीवाल को कुश्ती के बढ़ावा और सत्कार के लिए उप निदेशक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर रजनी बैनीवाल ने बताया कि भारतीय ग्रेपलिंग समिति द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे निभाते हुए ग्रेपलिंग कुश्ती को बढ़ावा देने का भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी के चेयरमैन दिनेश कपूर और सचिव बिरजू शर्मा का आभार व्यक्त किया। रजनी बैनीवाल ने बताया कि भारत में ग्रेपलिंग कुश्ती को उभारने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** रेलवे रोड स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में 13 और 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेलो में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर विंग में रैबिट रेस, बनाना रेस, फ्रोग रेस, हर्डल रेस, आइटम कलेक्टिंग रेस 3 लोंग रेस कोन बैलेंस रेस, ओवर एंड अंडर रेस ऑब्सटेकल्स रेस, मैन टू मेन रेस ,हुल्ला हुप्स रेस और सीनियर विंग में लोंग जंप , सेक रेस, स्लो साइकिलिंग रेस , बोट रेस, एजुकेशनल रेस, शॉट पुट, बोल बैलेंसिंग रेस, मैन टू मैन रेस , थ्रेड एंड नीडल रेस, रिले रेस, लॉन्ग जंप, लेमन स्पून रेस ,टग आफ वॉर इन सभी प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। उनका उत्साह अपनी जीत तक पहुंचने का जोश देखते ही बनता था। रस्सा- कसी प्रतियोगिता में अपनी एकता दिखाते हुए बच्चों में खेल को लेकर अलग ही जुनून था। इसमें बच्चों ने अपने लिए न खेल कर अपनी पूरी टीम के लिए पूरा दम लगा दिया।




# साइबर ठगों ने महिला के बैंक खाते से हजारों रुपये निकाले

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने टोहाना के गांव ललौदा निवासी एक महिला के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर हजारों की राशि निकाल ली। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ललौदा निवासी कुलवंत कौर ने कहा है कि उसका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टोहाना में खाता है। गत दिवस जब वह घर पर थी तो उसी दौरान उसके खाते से 35 हजार रुपये कट गए। जब उसने मैसेज देखा तो उसे अपने साथ धोखाधड़ी का पता चला। इस पर जब उसने बैंक जाकर अपना खाता चैक करवाया तो उसे पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी से उसके खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 14-15 नवंबर 2024 को इंटर-कॉलेज महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। विश्वविद्यालय के इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों से खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा व खेल भावना का प्रदर्शन किया।

जीएनके कॉलेज, यमुनानगर ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एस.ए. जैन कॉलेज, अंबाला सिटी ने रजत पदक जीता, जबकि एस.डी. कॉलेज, अंबाला कैंट ने कांस्य पदक प्राप्त किया। एम.एल.एन. कॉलेज, यमुनानगर ने चौथा स्थान प्राप्त किया और पदक से चूक गया। पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. डी.एस. राणा उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेताओं को पदक प्रदान किए। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. राणा ने विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं को बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और यह भी आश्वासन दिया कि उनके नेतृत्व में सभी टूनार्मेंट पारदर्शिता और खेल भावना के साथ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने खेल निदेशालय का दायित्व सौंपने के लिए कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं, जिनमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नितिन सहगल; अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच और बैडमिंटन टूनार्मेंट के इंचार्ज राजेश कुमार राजौंद, जीएनके कॉलेज यमुनानगर के सहायक प्रोफेसर कंवलप्रीत सिंह; बैडमिंटन कोच रोहित और कनिका व हिमांशी और खेल विभाग के कुश्ती कोच रमेश कुमार और एस.ए. जैन कॉलेज के सहायक प्रोफेसर कपिल सैनी शामिल उपस्थित रहे।



**खेल प्रतिभा**

**▶▶ कॉलेजों से खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

# सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे में स्वीकारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**थाना सदर** पुलिस टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह की एक महिला सहित तीन आरोपियों को पूछताछ करने के लिए वीरवार को जेल से प्रोडक्शन वारंट लिया। पूछताछ में महिला सहित तीनों आरोपियों ने गिरोह के अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर बीते सितम्बर माह में रात के समय सिंहपुरा फाटक के पास एक वर्कशॉप की दिवार तोड़कर लोहे व पीतल का सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। तीनो आरोपी चोरी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद थे। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि आरोपियों की पहचान सीना निवासी गगनखेड़ी हांसी हिसार, कमल व धर्मबीर निवासी पढ़ाना असंध करनाल के रूप में हुई। वर्कशॉप में चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में अनिल पुत्र बीरबल निवासी सिद्धार्थ नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में अनिल पुत्र बीरबल निवासी सिद्धार्थ नगर ने बताया था उसने सिंहपुरा फाटक के पास एजी सेल्स क्रोप के नाम से वर्कशॉप की हुई है। 29 सिम्बर की देर रात अज्ञात चोर वर्कशॉप की पिछली दिवार तोड़कर 2.5 टन वजनी एक ट्रासफार्मर, 30 लोहे की शाफ्ट, 2 मोटर, 3 पीतल की वॉल्व व लोहे का स्क्रैप चोरी कर ले गए।

# हर्ष फायरिंग करने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने पसीना खुर्द गांव में शादी समारोह में पिस्तौल से हर्ष फायरिंग करने मामले में दो आरोपियों को वीरवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गयूर खेर व खुर्शीद निवासी डाडौला के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी खुर्शीद ने बताया उसके पास लाईसेंसी रिवाल्वर है। 10 नवम्बर को उसके भतीजे शाहरूख की बारात पसीना खुर्द गांव में गई थी। वह अपनी लाईसेंसी रिवाल्वर लेकर बारात में गया था। वहा नाचते हुए चचेरे भाई गयूर ने उससे लाईसेंसी रिवाल्वर लेकर रौब दिखाने के लिए हर्ष फायरिंग की। आरोपी गयूर ने उक्त लाईसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग करने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हर्ष फायरिंग की उक्त वारदात में प्रयुक्त एक लाईसेंसी रिवाल्वर, लाईसेंस व 4 जिंदा रौंद बरामद कर पूछताछ के बाद शुक्रवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एसए तैनात ईएसआई राजकुमार ने थाना में शिकायत देकर बताया था कि सोशल मीडिया पर मिली एक वीडियों में शादी बारात में कुछ आदमी डीजे पर नांच रहे हैं। गांव के काफी सारे लोग भी वहा मौजूद दिखाई दे रहे है। नाचने वालों में कुछ लड़के अपने हाथ में पिस्टल लेकर हवाई फायर करते दिखाई दे रहे है। एक लड़का हाथ में डोगा बंदूक हवा में लहरा रहा है। इन्होंने जश्न के माहौल में हवाई फायर करके लोगों में दशहत फैलाई है। उक्त वीडियों की जांच पड़ताल की तो पता लगा यह वीडियों 10 नवम्बर की पसीना खुर्द गांव की है। इसके बाद पसीना खुर्द गांव में जाकर जानकारी जुटाई तो पता लगा गांव निवासी जाकिर पुत्र बदलू के घर शादी थी। यहा शाहरूख पुत्र बाबू वासी डाडोला के घर से बारात आई थी। बारात में शामिल गयूर पुत्र हकी मूदीन निवासी डाडोला ने पिस्टल के हवाई फायर किया था। बारात में अन्य नामपता ना मालुम लोगों ने भी सार्वजनिक स्थान पर लोगों के बीच पिस्टल व डोगा को हवा में लहराकर व फायर किए है। इससे लोगों में दशहत फैली।



**काबू**

**▶▶ सार्वजनिक स्थान पर लोगों के बीच पिस्टल व डोगा को हवा में लहराकर व फायर किए है।**

# बच्चों ने गुरुद्वारा भ्रमण एवं शब्द संकीर्तन कर मनाया गुरु नानक जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बच्चों को संस्कृति एवं संस्कारों के साथ महापुरुषों का भी ज्ञान होना चाहिए। इसी उद्देश्य से पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता प्राथमिक विद्यालय बाल घर में शब्द संकीर्तन किया गया व गुरु पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनदीप कौर विद्यालय अभिभावक एवं प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ जी द्वारा एक ओंकार मंत्र व जपुजी साहिब पाठ द्वारा किया गया। मनदीप द्वारा शब्द कीर्तन करवाया गया एवं गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से बच्चों को परिचित करवाया गया। सभी बच्चों को कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों को पहली पातशाही गुरुद्वारा में भ्रमण के लिए ले जाया गया। बच्चों ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन का आनंद लिया। चेतना वशिष्ठ जी द्वारा सभी को गुरु नानक जयंती पर्व की बधाई दी गई।



# आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने किया नगर कीर्तन का भव्य स्वागत














**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रकाश पर्व के मौके पर आदर्श नगर इलाके में निकाले गये 'नगर कीर्तन' का आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने भव्य रूप में स्वागत किया। इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

आपको बता दें कि आदर्श नगर में प्रकाश पर्व के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के द्वारा नगर कीर्तन निकाला गया। वहीं, आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने भी फूलों की वर्षा कर, अंगवस्त्र पहनाकर नगर कीर्तन का भव्य रूप में स्वागत किया। इस मौके पर आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसायटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

आपको बता दें कि इस मौके पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने गतका किया, मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसका आयी हुई साध संगत ने खूब आनंद उठाया। वहीं, इस नगर कीर्तन में आदर्श नगर की कई सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां ने भी शिरकत की।

इस मौके पर आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसायटी के प्रधान राजू कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कीर्तन का आदर्श नगर के टैगोर रोड़ पर भव्य रूप में सोसायटी व जन कल्याण समिति के द्वारा स्वागत किया



गया। इस मौके पर प्रधान राजू कोहली, महासचिव सुनील खन्ना, कोषाध्यक्ष मदन मेहरा, चेयरमैन सुरेन्द्र चोपड़ा, वाईस चेयरमैन राकेश जुनेजा, जाईट सैक्ट्री सन्नी सिंह पुरी, सहसचिव सरदार हरप्रीत सिंह, वाईस चेयरमैन नरेश टंडन, गुरदयाल छाबड़ा, आरडब्ल्यूए से मोहित अग्रवाल, प्रकाश चंद अग्रवाल, गुरमीत अरोडा संयोजक, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, सरदार इन्द्रजीत सिंह, नीरज कपूर वाईस चेयरमैन, संयोजक सुरेन्द्र बुद्धिराजा, दिल्ली प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, विधायक पवन शर्मा, नेता सदन व पार्षद मुकेश गोयल, सुरेन्द्र मखीजा, नितिन जैन, आरडब्ल्यूए के सहसचिव नमन शर्मा, एडवोकेट जितेन्द्र कोहली, सुखविन्द्र सिंह, जय नारायण अग्रवाल, बंटी वीर, अनिल गोयल, राकेश गोयल, विक्की गोयल, जय नारायण अग्रवाल, रिंकू कोहली, तरसेम सिंह, मोन्टू गुप्ता, दीपक विजानी, संजय गर्ग, संजय वर्मा, शीतल कोहली, रेविका कोहली, मोनिका शर्मा, श्रुति कौर, रजनी कौर, रगी कौर, खूशबू गोयल, रोनिका शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







## आम आदमी पार्टी के इशराक खान कांग्रेस पार्टी मे हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी के सीलमपुर से पूर्व विधायक हाजी इशराक खान को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया। हाजी इशराक खान के साथ इकराम हसन ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। श्री यादव ने कहा कि 2015-20 तक सीलमपुर से विधायक रहे श्री इशराक खान का कांग्रेस की नीतियों में विश्वास व्यक्त करके कांग्रेस का हाथ थामने के बाद पार्टी मजबूत होगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी के सीलमपुर से पूर्व विधायक हाजी इशराक खान को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया।

## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में न्याय यात्रा पहुंचने पर लोगों ने किया यात्रा का भव्य रूप में स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के पिछले 10 वर्षो के कामकाज को अन्याय बताते हुए देवेंद्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही दिल्ली न्याय यात्रा करावल नगर जिला के अंतर्गत आने वाली दो विधानसभाओं तिमारपुर और बुराड़ी विधानसभा में पहुंची। सुबह लगभग 9 बजे शुरू हुई इस यात्रा में न सिर्फ कांग्रेसी कार्यकर्ता बल्कि आम जनता का जोश भी पूरे उफान पर था। लोगो ने घरों की छतों पर चढ़कर देवेंद्र यादव और न्याय यात्रियों पर फूलों की बारिश कर अपनी खुशी प्रकट की। यात्रा के बुराड़ी विधानसभा में पहुंचे पर पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार में मंत्री रहे डॉ हरक सिंह रावत, दिल्ली सह प्रभारी दानिश अबरार, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद और जिला पर्यवेक्षक पी के मिश्रा व लक्ष्मण रावत ने लोगों में जोश भरने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने शॉल ओढ़ाकर सभी का स्वागत किया।

## सदर बाजार में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया गुरपुरब



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है और लंगर का आयोजन किया गया।

इसी उपलक्ष्य पर सदर बाजार के व्यापारियों ने कुतुब रोड़ चौक पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, महासचिव सतपाल सिंह मांगा, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, उपाध्याय राजकुमार गुप्ता, विष्णु, बरी मार्केट ट्रेडर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, कुलदीप सिंह, रमेश सचदेवा, सुनील पुरी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि हर वर्ष सदर बाजार में बड़ी धूमधाम से गुरपुरब मनाया जाता है।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गुरुद्वारों के नगर कीर्तन में शामिल होते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य गणमान्य लोग।

## 'आदर्श नगर रेलवे फुटओवर ब्रिज के पास पड़ी गंदगी को हटाया जाये'







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित फुटओवर ब्रिज के पास मलवा फैला हुआ है। जिससे रेल यात्रियों को स्टेशन पर पहुंचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि यहां पर लगे शिलान्यास पट को भी असामाजिक तत्वों ने द्वारा चोरी कर लिया गया है। फुट ओवर ब्रिज के चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है। समाजसेवी और जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अविलम्ब ही फुटओवर ब्रिज के आस-पास पड़े मलवे व गंदगी की सफाई करवाई जाये। तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की जाएं ताकि भविष्य में फिर से कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके।

# गुरू नानक जयंती पर पार्षद विकेश सेठी ने लंगर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव जी की जयंती की आज देशभर में धूम मची रही। इस दौरान तमाम गुरूद्वारों में लाखों श्रद्वालुओं ने माथा टेका व अरदास भी की गई।

इस मौके पर मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी द्वारा गुरुद्वारा नानक प्याऊ में लंगर का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें हजारों लोगों ने गुरु घर आकर गुरु का लंगर ग्रहण किया।

इस दौरान भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं सहित चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, मॉडल टाउन मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, कमला नगर मंडल अध्यक्ष बदलू राम कनौजिया, संगम पार्क मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह, हरिशंकर बाबू,





देवेंद्र सिंह, जसकीरत सिंह, अमनप्रीत सिंह, संजय मित्तल, रश्मि बजाज, संजना बिद्ध, श्वेता जैन, मनी असड़ी, लज्जाराम साहू, शौफाली मनचंदा, सीमा निगम, पीवी सिंह सहित हजारों लोगों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हरीश असड़ी ने कहा कि श्री गुरू नानक देव सिख धर्म के प्रथम गुरु थे, जिन्होंने जीवन में लोगों को सदैव अच्छाई के मार्ग पर चलने की सीख दी थी। गुरु नानक जयंती का पर्व बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे लोग गुरु पर्व के नाम से भी जानते हैं। यह पर्व सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्म का प्रतीक माना जाता है, जो दुनिया भर के सिखों द्वारा बेहद उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है।



# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर जुर्माना देते रहो, कारोबार करते रहो..

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** भारत सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से सिंगल यूज या एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया था. इस प्रतिबंध का मकसद सिंगल यूज प्लास्टिक के कचरे से होने वाले प्रदूषण को कम करना है। यह आदेश नगर निगम, नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों के लिए अपने आर्थिक संसाधन जुटाने का हथियार बन गया। नगर निगम की टीमें लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्यवाही कर रही हैं। कभी दुकानों पर पहुंच कर तो कभी मकानो पर पहुंच कर, प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया जा रहा है। लेकिन कार्यवाही जुर्माना वसूली से आगे नहीं बढ़ती है। यह प्लास्टिक कहां तैयार हुई। जनपद में तैयार हुई या जनपद के बाहर तैयार हुई। जनपद के बाहर तैयार हुई तो यहां तक कैसे आई। इसका होलसेल डीलर और कारोबारी कौन है। किस कंपनी या फैक्ट्री में यह प्लास्टिक बनी। यूजर से पहले इसके केरियर, मैन्युफैक्चरर और स्टॉकिस्ट तक पहुंचना जरूरी है, तभी इस चेन को तोडा जा सकता है। लेकिन इस चेन के टूटने से नगर निगम को संभवत कोई लाभ हो, ऐसा होने से तो उनका राजस्व घटेगा ही। हालांकि इसके उपयोग से नुकसान भी हैं लेकिन उससे नगर निगम या दूसरे जिम्मेदारों को क्या सरोकार। शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के नेतृत्व में वेटनरी कालेज के पास नगर निगम की टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक, ले जा रही बुग्गी को पकड़ा। इसके उपरांत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन को जब्त करते हुए नौ हजार रुपए का जुर्माना वसूला किया। इस दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन से धर्मवीर मय प्रवर्तन दल, दीपक शर्मा आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



**बना हथियार**

**आदेश नगर निगम, नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों के लिए अपने आर्थिक संसाधन जुटाने का हथियार बन गया**

**नगर निगम द्वारा की गई बडी कार्यवाही**

-छह अप्रैल 2024 नगर निगम मथुरा वृंदावन की टीम ने सौंख रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा ट्रक पकड़ा। इसमें लगभग 400 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक थी, जिसे जब्त कर लिया गया। नगर निगम ने इसमें जुमार्ने के रूप में 2.5 लाख रुपये की वसूली की।

-23 अगस्त 2024 को सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर नगर निगम की टीम ने फैक्ट्री संचालक पर 50 हजार का जुर्माना लगाया।

-मथुरा वृंदावन नगर निगम द्वारा महानगर के अलग अलग इलाकों से लगभग 344.50 किलोग्राम प्रतिबंध पॉलिथीन को जब्त करते हुए डेढ़ लाख रु से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

-इंडस्ट्रीयल एरिया में बड़ी कार्रवाई की।

पहली बार प्रतिबंधित प्लास्टिक के उत्पाद बनाने वाली दो फैक्ट्रियों पर छापे मारे गए। यहां से चार हजार किलो प्लास्टिक उत्पाद जब्त कर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया।

# 14 से 20 नवंबर तक मनाया जा रहा बाल संरक्षण सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** जनपद में गरीब एवं झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य वर्ष 2008 से सामाजिक कार्यकर्ता सतीश शर्मा द्वारा जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केदो के माध्यम से किया जा रहा है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालक सह किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 14 नवंबर राष्ट्रीय बाल दिवस और 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी समाज के हर आदमी की है झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले गरीब एवं शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केदो पर 14 नवंबर से 20 नवंबर तक बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



इस दौरान सभी केंदों पर विशेष आयोजन होंगे जिसमें बाल अधिकार से जुड़े मुद्दे बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण एवं उत्पीड़न,बाल भिक्षावृत्ति, बाल नशा, बाल तस्करी, गुड टच एवं बेड टच एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी विषयों के साथ चर्चा तथा बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी आदि विषयों पर भी बच्चों को जागरूक किया जाएगा। वही 14 नवंबर राष्ट्रीय बाल दिवस से 20 नवंबर विश्व बाल दिवस तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता चित्रकला निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**सुरक्षा**

**14 नवंबर राष्ट्रीय बाल दिवस और 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है**

## संक्षिप्त खबरें

### लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस की दिल्ली में बीमा जागरूकता की मुहीम जारी

**नई दिल्ली ।** लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस भारत की अग्रणी गैर-जीवन बीमा कंपनियों में से एक है और यह भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के लिए राज्य बीमा योजना के तहत दिल्ली के लिए प्रमुख बीमाकर्ता के रूप में बीमा जागरूकता पहल की अगुवाई कर रही है। दिल्ली में, लिबर्टी 2023 में शुरू की गई सुरक्षा का वादा बीमा के साथ पहल के तहत जागरूकता पैदा करना जारी रखे हुए है। इस जागरूकता अभियान पर अपने विचार रखते हुए, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक श्री पराग वेद ने कहा, हमारा ह्यसुरक्षा का वादा बीमा के साथह्व अभियान दिल्ली, पंजाब और उससे आगे के समुदायों को वित्तीय सुरक्षा मुहैया करवाने की दिशा में क्व्व्अकके ह्य2047 तक सभी के लिए बीमाह्व उद्देश्य के अनुरूप एक अहम कोशिश है। भारत में सामान्य बीमा की पहुँच अभी भी अपने सकल घरेलू उत्पाद के 1% से कम है, इसलिए समुदायों को शिक्षित करने और बीमा के महत्व को समझने की बाधाओं को तोड़ने की जरूरत है। इस अक्टूबर में हमने उत्तर-पश्चिम और उत्तर पूर्वी दिल्ली में डोर-टू-डोर अभियान के साथ शुरूआत की, तकरीबन एक महीने से, लिबर्टी की टीमों ने निवासियों के साथ काम किया, पर्चे वितरित किए और मोटर और स्वास्थ्य बीमा के लाभों के बारे में उन्हें बताया। इस अभियान के बाद दक्षिण दिल्ली में नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) की पहल की गई, नुक्कड़ नाटकों के जरिए बीमा के महत्व पर समुदायों को शिक्षित करने और आम मिथकों को दूर करने के लिए इंटरैक्टिव परफॉर्मेंस का इस्तेमाल किया। इस संदेश को अच्छी तरह लागू करने के लिए, लिबर्टी की टीम ने इंश्योरेंस के जानकारीपूर्ण तरीके पुस्तिका की प्रतियाँ भी बाँटी गईं। अपनी जमीनी स्तर की कोशिशें पूरी करते हुए, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस लक्षित बीमा जागरूकता अभियानों को चलाने के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाना जारी रखे हुए है।



### ड्यूरोप्लाय ने अपने प्लायवुड प्रोडक्ट्स की रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख एवं सबसे अनुभवी प्लायवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाय ने अपने प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की है। यह कंपनी हमेशा से नए तरीके खोजती रहती है और अपने ग्राहकों को सबसे अच्छे प्रोडक्ट्स देना चाहती है। इस कंपनी को 68 साल से ज्यादा हो गए हैं और इस दौरान कंपनी ने हमेशा ही बेहतर प्लाईवुड बनाने की कोशिश की है।

सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश के साथ कंपनी ने दिखा दिया है कि वे हमेशा से बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। ड्यूरोप्लाय में मैन्युफैक्चरिंग के प्रेसिडेंट अभिषेक चितलांगिया ने कहा, हम ड्यूरोप्लाय की प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेटेड प्लायवुड की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं। हमारे पास अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो सुनिश्चित करती है कि अंतिम उत्पाद का फ्लैट सरफेस पूरी तरह से फ्लैट होकर ना सिर्फ इंटीरियर्स की खूबसूरती बढ़ाता है बल्कि उन्हें पीढ़ियों तक टिकाऊ बनाए रखता है। ड्यूरोप्लाय के सुपीरियर प्लायवुड की हर शीट का उत्पादन बड़ी सावधानी से किया जाता है, ताकि उनकी मोटाई और सतह बिल्कुल एक जैसी तथा चिकनी रहे। इससे गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित होती है और घर, ऑफिस तथा कमर्शियल इंटीरियर्स की खूबसूरती, मजबूती एवं टिकाऊपन बढ़ता है। ड्यूरोप्लाय का सुपीरियर कैलिब्रेशन प्लायवुड सिर्फ २ 0 .4 का न्यूनतम वेरियेशन देता है, जो फ्लैट सर्फेस के लिये उद्योग में सर्वश्रेष्ठ फिनिश है। स्टैण्डर्ड प्लायवुड की विभिन्न शीट्स में मोटाई का अंतर हो सकता है, लेकिन कैलिब्रेटेड प्लायवुड बराबरी को सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक्त प्रक्रियाओं से गुजरता है। एक खास कैलिब्रेशन प्रोसेस के माध्यम से हर शीट की मोटाई बराबर रखी जाती है।



## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कानपुर।** नरवल थानान्तर्गत रावल देवी मंदिर के समीप स्थित तालाब में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि उसकी तालाब में डूबने से मृत्यु हुई है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह नरवल थाने को सूचना मिली कि रावल देवी मंदिर के पास निवासी सोनू 30 वर्ष पुत्र नेकपाल का शव घर के समीप स्थित तालाब में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# लोहवन में घर के बाहर लहूलुहान पड़ा मिला पेंटर का शव

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** यमुनापार थाना क्षेत्र के गांव लोहवन में शुक्रवार की सुबह घर के बाहर पेंटर का शव पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही। पुलिस इसे हत्या मानकर चल रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस प्रथम द्दष्टया पेंटर की हत्या के पीछे मृतक की पत्नी के किसी व्यक्ति से अवैध संबंधों को कारण मानकर चल रही है। मृतक अशोक पेंटर के परिजनों का कहना है कि अशोक की पत्नी भारती का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और घर में घर क्लेश होता रहता था, पति पत्नी दोनों घर के अंदर सो रहे थे और बच्चे अभी छोटे हैं। घर के अंदर खून फैला हुआ है जबकि अशोक की पत्नी भारती का कहना है कि अशोक छत से गिर गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई, परंतु मृतक युवक के भाई और पिता का कहना है कि अपने प्रेम प्रसंग के चलते भारती ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर अशोक को मौत के घाट उतारा है, अशोक के सिर पर गंभीर चोट के निशान है और घर के अंदर खून फैला हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पत्नी भारती को हिरासत में ले लिया है, पुलिस आरोपी पत्नी से पूछताछ कर रही है। अशोक करता था पेंटिंग का काम 30 वर्षीय अशोक रिफाइनरी में पेंटिंग का काम करता था और उसके दो बेटे है, भारती की 14 वर्ष पूर्व शादी लोहवन गांव में हुई थी, बताया जा रहा है कि भारती का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण अशोक और भारतीय के बीच हमेशा लड़ाई झगड़े होते थे। भारती ने देर रात अपने पति के सर पर किसी धारदार हथियार या भारी चीज से प्रहार किया था, जिससे अशोक की मौत हो गई।



सुबह सूचना मनोहर नाम के व्यक्ति द्वारा दी गई थी कि उसके बेटे अशोक की हत्या कर दी गई है।

मौके पर स्थानीय पुलिस थाना यमुनापार द्वारा तहरीर प्राप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**जांच जारी**

**आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा रहा है**

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वर्षान्त पेशकशों के साथ ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरपुर-** किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं झ ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर। हाल में पेश किए गएफेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है। ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यैक्तिक करने देकर,स्पेशल लिमिटेड-एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है। यह स्टाइल और बेहतर उपयोगिता के एक शानदार मेल के साथ मिलता है। इससे ग्राहकों के लिए स्पेशल एडिशन पैकेज और एक्सक्लूसिव वर्षान्त पेशकशों में से चुनना संभव होता है। स्पेशल लिमिटेड एडिशन के अलावा, टोयोटा ग्लैन्जा अर्बन क्रूजर टैसर और रुमियन (सीएनजी मॉडल को छोड़कर) पर टोयोटा 1 लाख रुपये से ऊपर की कीमत पर साल के अंत में विशेष ऑफर दे रही है। शानदार उपभोक्ता लाभ 31 दिसंबर 2024 तक मिलते रहेंगे। टोयोटाग्राहक प्रथम दर्शन (कस्टमर फर्स्ट फिलॉस्फी) पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्तकार व्यवसाय, श्री सबरी मनोहर ने कहा, "हम, ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाइराडर के हमारे पूर्व घोषित फेस्टिवल एडिशनको मिली ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं।

## तालाब में नहाने गई छात्रा की डूबने से मौत

**सोनभद्र।** शाहगंज थाना क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अपने सहेलियों के साथ तालाब में स्नान करने गयी 14वर्षीय बालिका का पानी में डुबने से मोत हो गई।

एएसपी कालू सिंह ने शुक्रवार को बताया की शाहगंज बाजार के वार्ड संख्या 12 निवासी ओमप्रकाश श्रीवास्तव की 14वर्षीय पुत्री दिपा श्रीवास्तव अपने सहेलियों के साथ नहाने गई थी। नहाते समय वह एकाएक गहरे पानी में चली गई। घटना के बाद साथ में नहा रही सहेलियां ने दिपा को गहरे पानी में डूबते देख चिल्लाने लगी। सहेलियों की सूचना पर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की कड़ी मेहनत से पानी में डूबे बच्ची का शव निकलवाया।

## विधायक श्रीकांत शर्मा ने रोचक खेलों का उठाया आनंद



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बाल दिवस के अवसर पर कान्हा माखन पब्लिक स्कूल सरस्वती कुंड में एक विशेष बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को व्यापार और उद्यमिता से संबंधित चुनौतियों और अनुभवों से अवगत कराना था। मेले का उद्घाटन मथुरा वृंदावन विधायक विधायक श्री कांत शर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिन्हें बच्चों ने स्वयं तैयार किया और उनका संचालन भी किया। भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया विधायक श्रीकांत शर्मा ने बच्चों तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों के विकास में मनोरंजन का भी काफी महत्व है. इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को ऊजार्वान बनाते हैं. वही मीडिया श्याम ने बताया बाल दिवस उत्सव कार्यक्रम में इन स्टॉलों पर खाद्य पदार्थ, हस्तकला की वस्तुएं, और खेलकूद से संबंधित सामग्री उपलब्ध थी। प्रत्येक बच्चे ने अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर स्टॉल को आकर्षक बनाने का प्रयास किया और ग्राहक बनाने की कला सीखी। इस आयोजन में बच्चों ने बिक्री, विपणन, और ग्राहक सेवा के महत्वपूर्ण पहलुओं का अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकगण और अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके उत्साह को बढ़ाया।

**उत्साह**

**मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिन्हें बच्चों ने स्वयं तैयार किया और उनका संचालन भी किया**

# हर बुजुर्ग तक पहुंचेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के लिये आयुष्मान कार्ड बनाये जाने व पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराये जाने की घोषणा के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा होली गेट मंडल द्वारा एक कैंप का आयोजन चौबिया पाडा में किया गया। जिसका शुभारम्भ भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी द्वारा किया गया। कैंप में सैकड़ों की संख्या में लोगों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाये गये। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा बुजुर्गों को चिकित्सा खर्च के बोझ से मुक्त करने की दिशा में मोदी जी द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लिया गया अब हमारा भी दायित्व है। प्रत्येक बुजुर्ग को इस योजना का लाभ मिले। कैंप के आयोजक भाजपा नेता अनुराग चतुर्वेदी ने कहा कि जनकल्याण की योजना जनता तक पहुँचे और लोग उसका लाभ ले पाए इसी में योजना की सार्थकता है। मंडल अध्यक्ष यशराज चतुर्वेदी ने बताया कि सभी क्षेत्रों में कैंप के माध्यम से प्रत्येक बुजुर्ग को इस योजना से जोडा जायेगा।

इस मौके पर डॉ भूदेव,डॉ अमित, पार्षद बालकिशन मौजूद रहे।



# प्रतापगढ़ में पचास हजार रूपए के तीन हत्यारोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शनव इंडिया**

**प्रतापगढ़:** जनपद के कोतवाली देहात क्षेत्र से हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सभी पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा स्वाट टीम/ सर्विलांस टीम की मदद से इलेक्ट्रॉनिक मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भुपियामऊ ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार सभी को गिरफ्तार किया गया।कब्जे से लूट की स्विफ्ट डिजायर कार व एक तमंचा बरामद किया गया। बीते एक नवंबर को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत प्रतापगढ़ से प्रयागराज जाने वाली हाईवे पर सड़क से दाहिने तरफ झाड़ियों के बीच ओला कार चालक का शव मिला था। थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत प्रतापगढ़ से प्रयागराज जाने वाली हाईवे पर सड़क से दाहिने तरफ झाडियों के बीच शव मिला था । शव की पहचान मो. जफर पुत्र जहीर उम्र 27 वर्ष अहमद निवासी भौली थाना रुदौली, जनपद अयोध्या के रूप में हुई थी । मृतक ओला कार को लखनऊ में चलाता था । लखनऊ से कुछ व्यक्तियों द्वारा ओला कार को बुक किया गया था । मो. साहिल सुत मो.शमीम निवासी सरह सुभागा फरीदीपुर थाना गोसांईगंज ,जांबाज सुत इजराइल निवासी ग्राम भरतीपुर थाना गोसांईगंज ,मोहर्रम सुत मो. सफीक निवासी बाबागंज थाना गोसांईगंज को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भुपियामऊ ओवर ब्रिज के पास से अभियुक्तों के कब्जे से लूट की स्विफ्ट डिजायर कार के साथ गिरफ्तार किया गया । सभी सुल्तानपुर जिले के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि जनपद सुल्तानपुर में थाना गोसांईगंज क्षेत्र के रहने वाले है । हमारे गांव पास पास ही है । हम तीनो ने मिलकर यह योजना बनाई कि लखनऊ चलकर कोई न कोई चार पहिया वाहन लूटेंगे एवं उसे बेंचकर जो पैसा मिलेगा उसे तीन हिस्सों में बांट लेगें। हम तीनों बस में बैठकर लखनऊ चारबाग उतरे । लखनऊ पहुंच कर हम तीनो ने योजना बनायी कि किसी कार को बुक कराकर अपने जनपद सुल्तानपुर से अलग किसी दूसरे जिले में ले चलते है।



**संवेदना**

**योजना बनायी कि किसी कार को बुक कराकर अपने जनपद सुल्तानपुर से अलग किसी दूसरे जिले में ले चलते है**

## लेनोवो ने नए हाई-परफॉरमेंस टैबलेट और लैपटॉप के साथ भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम : लेनोवो**, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो के11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बेहद किफायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बीनेशन प्रदान करता है।आशीष सिक्का,

डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि "यूजर्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए, के11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को उन बिजनेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं।" शानदार 11 इंच की एलसीडी डिस्प्ले के साथ 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 ७ 1200 रिजॉल्यूशन, शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। डॉल्बी एटमॉस से लैस क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड प्रदान करते हैं, जो मल्टीमीडिया और बिजनेस उपयोग के लिए आइडियल हैं। मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज (1टीबी तक एक्सपेंडेबल) द्वारा संचालित है। इसके साथ ही ये टैबलेट काफी आसानी से मल्टीटास्किंग और पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करता है। केवल 496 ग्राम वजन, 7.15 मिमी पतला और वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.1, एलटीई और फास्ट-चार्जिंग 7040 एमएएच बैटरी से लैस, यह प्रोफेशनल्स के लिए किसी भी सफर में एक आइडियल हमसफर है।

# नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने कटेहरी और मीरजापुर के मझवां विधानसभा में रैलियों को किया संबोधित

**चुनावी रण**

**योजनाओं का लाभ देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से बिना रुके, हटे, डिगे देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट और विरासत का सम्मान हो रहा है, जबकि वर्ष 2014 से पहले इंडी गठबंधन के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ और विरासत का अपमान करते थे। प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं तो विरासत का सम्मान भी हो रहा है। आज अयोध्या में दिव्य, भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गये हैं, जिसे देख हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह हमारी विरासत है। इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है। इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी हैं। अंबेडकरनगर की धरती पर डॉक्टर लोहिया का जन्म हुआ था, लेकिन समाजवादी पार्टी डॉ. लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव के मूल्यों और आदर्शों से भटक चुकी है। यही वजह है कि ये महाराजा सुहेलदेव के स्मारक पर नहीं जाते हैं, क्योंकि इन्हे मुस्लिम वोट बैंक खिसकने का भय है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा उपचुनाव रैली को संबोधित करते हुए कही।



### सपा में सिर्फ सैफई परिवार और गुंडों का विकास होता था: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीरजापुर के मझवां विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत बन रहा है। वहीं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की स्पीड से चलकर सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन का मॉडल खड़ा करने की दिशा में काम कर रही है। इसी के तहत प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के कार्य तेजी से हो रहे हैं। यही नहीं आज प्रदेश से माफिया का अंत हुआ है। वहीं सपा कार्यकाल में सिर्फ सैफई परिवार और बड़े-बड़े माफिया के परिवारों का ही विकास हुआ। भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय और राजू पाल की हत्या करने वाले दुर्दांत माफिया समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गले का हार थे। वहीं आज प्रदेश माफिया और भयमुक्त है। पहले प्रदेश की पहचान कर्फ्यू और दंगों से होती थी, आज यूपी में 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा' से होती है। यह है नये भारत का नया उत्तर प्रदेश।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा उपचुनाव की रैली में अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मीरजापुर के मझवां विधानसभा के प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के पक्ष में वोट की अपील की। इस अवसर पर मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह, ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, दयाशंकर मिश्र दयालु, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल, रामकेश निषाद, सांसद विनोद बिंद आदि उपस्थित थे।

**विकास के बड़े बड़े कार्यों से जुड़ रहा कटेहरी, रच रहा कीर्तिमान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटेहरी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनवाया है। वह भारत के महान योद्धाओं में शामिल थे। श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज के मैत्री की 56 फिट ऊंची प्रतिमा को स्थापित किया है, जो विरासत के सम्मान को दशार्ता है। वहीं सपा परंपराओं, किसानों और युवाओं का अपमान करने वाली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सपा के गुंडों ने एक निषाद बेटी के साथ क्या किया, यह किसी से छिपा नहीं है। इसे छिपाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष दलील दे रहे थे। हमारी सरकार निषाद बेटी और उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले की जगह यहां कोई जगह नहीं है, उसके लिए केवल जहन्नुम में जगह हो सकती है। इसके लिए सरकार संकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। इस कड़ी में कटेहरी भी कीर्तिमान रच रहा है। उन्होंने कहा कि आपने पिछले 2 वर्ष 2 माह में यहां होने वाले विकास कार्यों को आगे बढ़ते हुए देखा होगा। यह निरंतर जारी रहेगा। हमारी सरकार वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित, दिव्यांगजन पेंशन के साथ फ्री में रसोई गैस का सिलेंडर दे रही है। हम सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में चेहरा देखकर योजनाओं को लाभ दिया जाता था। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने प्रदेश से गरीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद भवन परिसर धरती में आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उनको पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## कांग्रेस के पास ना नेता, ना नीति और ना नीयत: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/गुरुग्रामः** सदस्यता अभियान को लेकर शुक्रवार को गुरुग्राम पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने कहा है कि पार्टी का सम्मान करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान पार्टी की भी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं, जल्दी ही हम सदस्यता अभियान के तय लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि सदस्यता अभियान का मकसद जनहित के कार्य के लिए संगठन को अधिक से अधिक मजबूत करना है। पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यकर्ताओं की बैठक से पहले पत्रकार वार्ता के दौरान श्री बड़ौली ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा जनता ने विधानसभा चुनाव में फोड़ दिया और अब कांग्रेस का झूठ किसी भी चुनाव में नहीं चलने वाला।

## महाकुंभ को फायर फ्री जोन बनाने की योजना



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** महाकुंभ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए हर तरह से सुरक्षित किए जाने को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। महाकुंभ के दौरान आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए मैनपावर और स्पेशल फायर व्हीकल्स की संख्या में भारी वृद्धि की गई है। वहीं, अत्याधुनिक डिवाइसेज को भी तैनात किए जाने की योजना है। प्रत्येक सेक्टर में दमकल कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। आग की घटनाओं की मॉनीटरिंग के लिए एआई से लैस फायर डिटेक्शन कैमरों को इंस्टॉल किया गया है। वहीं, रिस्पॉन्स टाइम को भी महज 2 मिनट का रखा गया है, ताकि किसी तरह की घटना पर मिनटों में काबू पाया जा सके।

**तैयारी**

**महाकुंभ 2025 को जीरो फायर इंसिडेंट जोन बनाने के लिए योगी सरकार की व्यापक तैयारी**

सरकार का पूरा प्रयास यही है कि इस बार का महाकुंभ पूरी तरह जीरो फायर इंसिडेंट के रूप में संपन्न हो और अग्निशमन विभाग की ओर से इसी दिशा में काम किया जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## आपदा प्रभावितों को विशेष आर्थिक पैकेज दे सरकार: जयराम

**शिमला:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने समेज और बागी पुल के आपदा प्रभावितों की तर्ज पर राज्य के सभी आपदा प्रभावितों को विशेष आर्थिक पैकेज देने का प्रदेश सरकार से आग्रह किया है। शुक्रवार को एक बयान में जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समेज और बागी पुल के आपदा प्रभावितों को विशेष आर्थिक पैकेज दिए जाने का फैसला सरकार द्वारा बहुत देर से किया गया। जबकि केंद्र सरकार द्वारा इस बार हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के तहत जारी किए जाने वाला फंड एडवांस ही दे चुकी थी। हादसे के बाद ही हमने मांग की थी कि सामान्य मदद से कुछ नहीं होने वाला है। लोगों का बहुत नुकसान हुआ है। लोगों का सब कुछ बर्बाद हो गया है। इस आपदा के जख्म भरने में बहुत वक्त लगेगा। ऐसे में सरकार प्रदेश में इस मानसून में हुई भीषण तबाही पर आपदा के प्रभावितों को विशेष आर्थिक पैकेज के तहत ही मदद करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस बार के मानसून मौसम के दौरान प्रदेश भर में 101 से ज्यादा घटनाएं हुई है जिसमें भारी संख्या में जन-धन की हानि हुई है। ऐसे में सभी प्रभावितों को विशेष पैकेज के तहत एक समान राहत राशि वितरित की जाए। क्योंकि आपदा में किसी भी प्रकार प्रभावितों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा के तुरंत बाद ही प्रभावितों के तुरंत बाद ही राहत, बचाव कार्य और पुनर्वास के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

## जनजातीय कल्याण के लिये सरकार कर रही है कार्य: पटेल

**भोपाल:** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में जनजातीय कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जन मन योजना और सिकल सैल उन्मूलन मिशन, जनजाति कल्याण का महाभियान है। इस महाभियान में राज्य सरकार द्वारा जनजाति कल्याण के बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं।

अनेक विभागों के माध्यम से अति पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के कारगर प्रयास लगातार जारी है। यह बात राज्यपाल पटेल ने शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस पर शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सैल उन्मूलन मिशन का संकल्प मध्यप्रदेश की धरती से लिया जाना प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है।

## खेतों की टेल तक पहुंचाया जाएगा नहरी पानी: श्रुति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास, सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। किसानों के खेतों की टेल तक नहर का पानी पहुंचे और फसलों की पैदावार लेने में सहूलियत हो, इसको लेकर मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि वे प्रदेश के हर जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में जाकर पता लगाएं कि किसानों को नहरी पानी की सप्लाई में क्या दिक्कत आ रही है ताकि अतिशीघ्र किसानों को राहत दिलाई जाए। मंत्री जल्द ही विभाग के एसई के साथ बैठक करेंगी और पोर्टल के जरिये परियोजनाओं की ऑनलाइन स्वयं मानीटरिंग करेंगी, ताकि समयावधि में परियोजनाओं को सिरे चढ़ाया जा सके। इसके अलावा शीघ्र ही मंत्री हथिनी कुंड बैराज का निरीक्षण भी कर पानी की सप्लाई का जायजा भी लेंगी। मंत्री श्रुति चौधरी आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। मंत्री ने कहा कि नहरों के पानी की सही से सप्लाई हो और परियोजनाओं के फलीभूत होने में देरी न हो, इसकी वे स्वयं मानीटरिंग करेंगी और रिव्यू बैठक भी का जाएगी। उन्होंने कहा कि नहरों व रजवाहों की मरम्मत तय समय पर की जाए, ताकि किसानों के खेतों में पानी आसानी से पहुंच सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की छवि को और बेहतर करना होगा और कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कंगन घाट पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए श्रद्धालओं की लगी भीड़।

## गुरू नानक जी की संदेश युगों-युगों तक करेंगे मार्गदर्शन: यादव

**भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** ने शुक्रवार को गुरू नानक जयंती के अवसर पर अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और सिख संगत को गुरू नानक जयंती की बधाईयां दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सिख समुदाय की ओर से सरोपा पहनाकर पुष्पहार से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में भाईचारे और सबकी चिन्ता करने वाले, सबको एक साथ लेकर चलने वाले और लोगों में समानता का भाव जगाने वाले गुरू नानक जी का जब हम स्मरण करते हैं।

**प्रतिबद्ध** 10 कंपनी पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरफ और 141 सुरक्षाकर्मी के अलावा 700 नावों पर तैनात रहेंगे रक्षक

## 107 बीटों के रक्षक करेंगे 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज :** महाकुंभ 2025 को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखते हुए 45 करोड़ लोगों की सुरक्षा का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए जल पुलिस के लिहाज से चार जोन का सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जिसमें बाकायदा 107 बीटों में बंटे सुरक्षा कर्मी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए मौके पर तैनात रहेंगे। यहां कुल 10 कंपनी



पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरफ और 141 सुरक्षाकर्मियों के अलावा 700 नावों पर रक्षक तैनात किए जा रहे हैं। इनके साथ स्वास्थ्य कर्मियों की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

**107 बीटों पर तैनात रहेंगे सुरक्षा कर्मी**

**मुस्तैद**

**महाकुंभ में 10 कंपनी पीएसी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेगी**

आईजी पीएसी पूर्वी जोन डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि महाकुंभ में 10 कंपनी पीएसी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेगी। महाकुंभ के दौरान यहां प्रयागराज में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। संगम में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया गया है। जिसमें सुरक्षा कर्मियों को 107 बीटों में बांटा गया है। यही नहीं स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए बाकायदा चिकित्सक और जन औषधि केंद्रों से युक्त आधुनिक वाटर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। जल पुलिस अलग से थाने और चौकियों के साथ 16 सब कंट्रोल रूम बनाने की तैयारी में लगी है। जिससे पलक झपकते ही श्रद्धालुओं को हर सुविधा मुहैया कराई जा सके।

